आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें: WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 156- ● जबलपुर ● बुधवार, 7 जुलाई, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● आषाढ़ कृष्ण पक्ष -13 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## अलविदा




**मुंबई।** दिलीप कुमार ने आज मुंबई के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। उनके जाने की खबर से देशभर में शोक की लहर है। बॉलीवुड सितारों से लेकर राजनेता, सभी लगातार अपना दुख जता रहे हैं। अब दिलीप साहब से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। दिलीप कुमार के ट्विटर हैंडल से फैंस को बताया गया है कि आज शाम पांच बजे जूहू कब्रिस्तान में दिलीप कुमार सुपुर्द-ए-खाक होंगे। दिलीप कुमार का इलाज करने वाले डॉ. जलील पारकर ने मीडिया से बात करते हुए बताया, हमने उन्हें बचाने की हर संभव कोशिश की। हम चाहते थे कि वो 100 साल पूरे करे। सायरा बानो भी सुबह अस्पताल में थीं। उनको सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। उनके जैसा शख्स शायद ही कभी बॉलीवुड में पैदा होगा। उन्होंने देश का नाम दुनिया में रौशन किया। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति दे। इसी कब्रिस्तान में मोहम्मद रफी, मधुबाला, मजरूह सुल्तानपुरी सहित कई बड़े सेलिब्रिटीज को सुपुर्द-ए-खाक किया जा चुका है।



# मोदी 2.0 कैबिनेट में नए चेहरों को तरजीह

**नई दिल्ली (एजेंसियां)।** अरसे से लंबित केंद्रीय मंत्रिमंडल का विस्तार आज बुधवार शाम छह बजे होगा। नरेंद्र मोदी कैबिनेट विस्तार में नए चेहरों को जगह दिए जाने की अटकलों के बीच पार्टी आलाकमान के बुलावे पर मध्य प्रदेश से भाजपा नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, महाराष्ट्र से नारायण राणे और असम से सर्बानंद सोनोवाल दिल्ली पहुंच गए। बताया जा रहा है कि आधा दर्जन कैबिनेट मंत्रियों की छुट्टी होगी, जबकि एक दर्जन मंत्रियों के विभागों में बदलाव किया जाएगा। इसके अलावा आठ से 10 राज्य मंत्रियों को भी टीम मोदी से बाहर होना पड़ सकता है। विस्तार से पहले पीएम मोदी बुधवार दिन में भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह के साथ बैठक कर विभागों के बंटवारे को अंतिम रूप देंगे। विस्तार में 20-25 नए मंत्रियों को जगह देने की बात कही जा रही है। इस बीच, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी जदयू के मंत्रिमंडल में शामिल होने की पुष्टि करते हुए कहा, केंद्रीय कैबिनेट में कौन शामिल होगा कौन नहीं, यह प्रधानमंत्री तय करेंगे। मोदी जो चाहेंगे, वह होगा। उधर, लोजपा अध्यक्ष चिराग पासवान ने कहा है कि अगर चाचा पशुपति पारस को पार्टी के कोटे से मोदी सरकार में मंत्री बनाया गया तो हम कोर्ट जाएंगे। इससे पहले मंगलवार दिन में केंद्र सरकार ने केंद्रीय मंत्री और दलित चेहरा माने जाने वाले थावरचंद गहलोत को कर्नाटक का नया राज्यपाल बना दिया है। वहीं, सात अन्य राज्यों के राज्यपाल भी बदल दिए। मोदी के आज होने वाले मंत्रिमंडल विस्तार के तहत 43 नेता केंद्रीय मंत्री पद की शपथ लेंगे। पीएम मोदी के मंत्रिमंडल विस्तार में नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के साथ ही कई मंत्रियों की कैबिनेट से छुट्टी भी हो गई। शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल, श्रम व रोजगार मंत्री संतोश गंगवार और देबोश्री चौधरी ने केंद्रीय कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया।




### टीम मोदी के संभावित नए चेहरे

1. ज्योतिरादित्य सिंधिया
2. सर्वानंद सोनेवाल
3. पशुपति पारस
4. नारायण राणे
5. भूपेंद्र यादव
6. अनुप्रिया पटेल
7. कपिल पाटिल
8. मीनाक्षी लेखी
9. राहुल कसावा
10. अश्विनी वैष्णव
11. शांतनु ठाकुर
12. विनोद सोनकर
13. पंकज चौधरी
14. आरसीपी सिंह
15. दिलेश्वर कामत
16. चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी
17. रामनाथ ठाकुर
18. राजकुमार रंजन
19. बी एल वर्मा
20. अजय मिश्रा
21. हिना गावित
22. शोभा करंदलाजे
23. अजय भट्ट
24. प्रीतम मुंडे

### कुछ का प्रमोशन

भाजपा सूत्रों के मुताबिक, मंत्रिमंडल के संभावित चेहरे के लिए पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा के कार्यालय से फोन जा रहा है, जबकि सहयोगियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह संपर्क में है। कैबिनेट विस्तार में नए मंत्रियों के शपथ ग्रहण के अलावा कुछ मंत्रियों का प्रमोशन भी हो सकता है। अनुराग ठाकुर, पुरुषोत्तम रुपाला और जी. किशन रेड्डी को कैबिनेट में बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

## क्विक अपडेट




### भूकंप के झटकों से हिला असम, मेघालय और बंगाल

**गुवाहाटी।** असम के गोलपाड़ा में बुधवार सुबह 8¬45 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.3 बताई है। वहीं मेघालय और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में भी झटके महसूस किए गए हैं। मेघालय में बुधवार सुबह करीब 8.45 बजे 5.2 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं दार्जिलिंग और कूचबिहार सहित उत्तर बंगाल के कुछ हिस्सों में झटके महसूस किए गए।हैं।

### हादसे में युवकों की मौत, रात भर शवों पर से गुजरे वाहन

**आगरा** उत्तर प्रदेश के मथुरा से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कोतवाली वृंदावन क्षेत्र में मंगलवार की रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया। इसके बाद करीब एक घंटे तक दोनों युवकों के ऊपर से कई वाहन गुजर गए। इससे दोनों की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि दोनों शव क्षत-विक्षत हालत में थे। ।

### एमपी में इंदौर पहुंची स्पूतनिक वैक्सीन 2 सौ लोगों को लगी

**इंदौर।** शहर में कोविशील्ड और कोवैक्सीन के बाद अब रूस में तैयार स्पूतनिक वैक्सीन भी आ चुकी है। पिछले दो दिन में इंदौर के करीब 200 लोगों को इसे लगाया गया है। कोविन एप पर इसके आनलाइन रजिस्ट्रेशन के बाद यह टीका लगाया जा रहा है। शैल्बी अस्पताल में यह टीका दो दिन पहले ही लगाना शुरू हुआ है। अस्पताल के अधीक्षक डा. विवेक जोशी के मुताबिक उनके अस्पताल में दो दिन पहले स्पूतनिक की 200 डोज आई है और 200 लोगों को लगाई जा चुकी है। इस टीके की पहली डोज के तीन सप्ताह से तीन महीने बाद दूसरी डोज लगेगी। विजयनगर क्षेत्र स्थित एक अन्य निजी अस्पताल में भी बुधवार से स्पूतनिक लगनी शुरू होगी। स्पूतनिक की 1200 डोज पहुंचने वाली हैं। कई लोग तीन माह से इसी

## जज को हटाने की मांग पर हाईकोर्ट सख्त, दीदी पर पांच लाख का जुर्माना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को कलकत्ता हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने पांच लाख रुपये का जुर्माना ठोका है। नंदीग्राम केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस कौशिक चंदा ने अपने ऊपर लगे आरोपों को निराधार पाते हुए ममता बनर्जी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि ममता बनर्जी के बयान ने अदालत को बदनाम किया है। बता दें कि ममता बनर्जी ने न्यायमूर्ति कौशिक चंदा के भारतीय जनता पार्टी के साथ उनके कथित संबंधों को लेकर मामले से अलग होने की मांग की थी। कोर्ट ने कहा कि ममता बनर्जी से वसूली गई जुर्माने की राशि को कोरोना काल में जान गंवाने वाले वकीलों के परिवार को बांटा जाएगा।

### नंदीग्राम मामले की सुनवाई से अलग हुए न्यायमूर्ति चंदा

कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति कौशिक चंदा नंदीग्राम विधानसभा सीट से भाजपा के शुभेंदु अधिकारी के निर्वाचन को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए। अब ये मामला किस कोर्ट में जाएगा, इसका फैसला मुख्य न्यायाधीश करेंगे।

## 12 जुलाई से प्रदेश के सभी निजी स्कूल अनिश्चित काल के लिए बंद

### 8 सूत्रीय मांगों को लेकर प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन का एलान

**भोपाल। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्यप्रदेश सभी संस्थायें मिलाकर राज्य में सीबीएसई, आईसीएसई और एमपी बोर्ड से संबद्ध लगभग 20,000 से ज्यादा गैर अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन सभी ने 12 जुलाई से स्कूल बंद रखने की घोषणा की है वह भी अनिश्चित काल के लिए।**



एसोसियेशन ने कहा किविगत 18 माह से पूरा विश्व कोरोना की महामारी से जुझ रहा है, महामारी की द्वितीय लहर ने हमें इसकी भयावहता से परिचित करवाया है और एक्सपर्ट्स की माने तो महामारी की तीसरी लहर आने की भी पूरी संभावना है। इस महामारी से सभी व्यावसयिक क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, किन्तु स्कुली शिक्षा सबसे अधिक प्रभावित हुई है । कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों को छोड़ कर जिन्होंने 2 - 3 माह स्कूल अटेंड किया है, अन्य सभी विद्यार्थी विगत 16 माह से स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण करने से वंचित है। इस से उनके शिक्षण की ही नहीं वरन मानसिक एवं शारीरिक विकास की भी हानि हो रही है। लॉकडाऊन के समय प्राइवेट स्कूल्ज द्वारा ऑनलाइन शिक्षण को जिस प्रकार सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया गया है वह बच्चों के लिए लाभकारी सिद्ध हुई है किन्तु केवल ऑनलाइन शिक्षण बच्चों के लिए काफी नहीं है ।

आज कोरोना महामारी द्वितीय लहर गुजरने के पश्चात एक ओर जहां सरकार ने हर क्षेत्र में ढील देते हुए व्यापार एवं सेवाओं को बहाल किया है वही दूसरी ओर शिक्षण संस्थाएं आज भी बंद ही हैं। बच्चे अकेले अथवा अपने पालकों के साथ बाजार, मॉल, शादी, पिकनिक, मेले, भ्रमण इत्यादि में जा रहे है केवल स्कूल जाने पर ही रोक लगी है।

मुख्यमंत्री द्वारा कोरोना की तीसरी लहर की संभावना के चलते विद्यालयों को बंद रखने की घोषणा की गई, साथ में यह भी कहा गया की कोई निजी विद्यालय इस सत्र में भी फीस नहीं बढ़ाएंगे, और विद्यार्थियों से केवल शिक्षण शुल्क (ट्यूशन फीस) ही लेंगे। मुख्यमंत्री की गई घोषणा ने पूरे प्रदेश के स्कूल बंद होने की कगार पर पहुंच जाएंगे लिहाजा सरकार के पक्षपातपूर्ण रवैये से सभी व्यथित है । प्राइवेट संस्थाओं की एसोसिएशन सरकार के समक्ष 8 सूत्रीय मांगे रख रही ताकि प्रदेश में प्राइवेट शिक्षण संस्थान जीवित रह सके मांगों के अनुसार कोरोना की तीसरी लहर की संभावना के चलते स्कूल बंद रखे जाने का बगैर सोचे समझे लिये गया निर्णय तत्काल वापस ले। साथ ही माननीय उच्च एवं उच्चतम न्यायलय के निर्णयानुसार केवल शिक्षण शुल्कही लेने का आदेश सत्र 20 -21 हेतु था, अतः सत्र 21 -22 में विद्यालयों को शिक्षण शुल्क के साथ साथ अन्य शुल्क जैसे वार्षिक शुल्क, विकास शुल्क, इत्यादि लेने की अनुमति दी जावे। आदि मुख्य हैं।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री कुमारमंगलम की पत्नी की हत्या

**नई दिल्ली।** क्देश की राजधानी दिल्ली में पिछली रात अपराध की एक बड़ी घटना को अंजाम दिया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत पीआर. कुमारमंगलम की पत्नी किट्टी कुमारमंगलम की उनके घर में ही हत्या कर दी गई है। किट्टी कुमारमंगलम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में रहती थीं। साउथ वेस्ट दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इस हत्याकांड में एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। जबकि अन्य की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि बीती रात करीब नौ बजे धोबी घर आया, नौकरानी ने दरवाजा खोला। नौकरानी को जबरदस्ती एक कमरे में घसीट कर बंद कर दिया। इसी बीच दो अन्य लड़के अंदर आए और किट्टी कुमारमंगलम का गला घोंट दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों फरार हो गए। घटना के बाद नौकरानी ने शोर मचाया। पुलिस ने बताया कि रात करीब 11 बजे हमें सूचना मिली। जिसके बाद टीमें बनाई गईं। नौकरानी के बयान के बाद पुलिस ने रात में ही धोबी जिसका नाम राजू है, उसे गिरफ्तार कर लिया।

### गैंगस्टर कुलबीर की साथी ने ही कर दी हत्या



**बठिंडा।** यहां के गांव नरुआना में रहने वाले गैंगस्टर कुलबीर नरुआना की बुधवार सुबह गोली मार कर हत्या कर दी गई। मृतक के साथी मन्ना निवासी तलवंडी साबो ने गैंगस्टर को उसी की गाड़ी में चार गोलियां मारी। इसके बाद आरोपी ने कुलबीर के एक साथी चमकौर सिंह को गाड़ी तले कुचल कर मौत के घाट उतार दिया। घटना को अंजाम देने के बाद जब आरोपी फरार हो रहा था तो कुलबीर के अन्य साथियों ने उस पर फायरिंग की। आरोपी को एक गोली लगी लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया। हालांकि पुलिस ने घटना के कुछ समय बाद ही आरोपी को जख्मी हालत में गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार गैंगस्टर कुलबीर नरुआना बुधवार सुबह अपने साथी मन्ना के साथ था। मन्ना ने चाय पीने की इच्छा जाहिर की थी।

## अभी और बढ़ेगी तेल की कीमत




**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों ने आसमान छू लिया है। कोरोना काल में पेट्रोल की कीमतों ने लोगों को हलकान किया हुआ है। पिछले महीने से हर दूसरे दिन ईंधन की कीमतें बढ़ रही हैं। सरकारी तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों में मजबूती के कारण कीमत बढ़ा रही हैं। सरकार भी तेल पर लगने वाले टैक्स में कटौती करने के पक्ष में नहीं है। मई के पहले सप्ताह से 35 से अधिक बार पेट्रोल और डीजल की कीमत में बढ़ोतरी हुई है। इस दौरान ईंधन की दरों में सात से आठ रुपये प्रति लीटर की वृद्धि हुई। ओएमसी पर दरों को बनाए रखने का दबाव है क्योंकि देश में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतें अब तक के उच्चतम स्तर पर हैं। हालांकि, यह संभावना नहीं है कि वे वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए दरों को बनाए रखने में सक्षम होंगे।इस महीने पेट्रोल और डीजल की कीमतें और बढ़ने की उम्मीद है। इसकी वजह कच्चे तेल की बढ़ी हुई कीमतें होंगी। कच्चे तेल की कीमत में इजाफा इसलिए होगा क्योंकि सऊदी अरब और यूएई में तेल के उत्पादन को लेकर के ठन गई है। ओपेक+ तेल के उत्पादन पर नियंत्रण चाहता है, जिसपर यूएई को एतराज है।

### पहली बार 77 डॉलर के पार ब्रेंट क्रूड ब्रेंट क्रूड ऑयल

अक्तूबर 2018 के बाद पहली बार 77 डॉलर के पार निकला है। उत्पादन बढ़ाने पर ओपेक+ की बात नहीं बनी। साथ ही अगली बैठक की तारीख अभी तय नहीं हुई है। ओपेक+ के सदस्य सऊदी अरब और रूस अगस्त से वर्ष के अंत तक प्रतिदिन 4,00,000 बैरल तेल उत्पादन बढ़ाने के पक्ष में हैं। यूएई अभी तक इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं हुआ है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के अनुसार, यदि तेल उत्पादन और आपूर्ति का स्तर बढ़ती वैश्विक मांग के अनुरूप नहीं बढ़ता है, तो इससे कच्चे तेल की कीमत 100 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है।

## मुख्यमंत्री का डुमना एयर पोर्ट में भव्य स्वागत



**जबलपुर।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दोपहर 12.35 बजे विमान से डुमना एयर पोर्ट जबलपुर पहुंचे। जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान की अगवानी की। इस दौरान लोक निर्माण, कुटीर एवं ग्रामोद्योग तथा जिले के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक अशोक रोहाणी, सुशील इंदु तिवारी,श्रीमती नंदनी मरावी, पूर्व मंत्री शरद जैन, हरेंद्रजीत सिंह बब्बू, अंचल सोनकर, श्रीमती स्वाति गोडबोले, कमिश्नर बी. चंद्रशेखर, आईजी बीएस चौहान, कलेक्टर कर्मवीर शर्मा, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा मौजूद थे।

## हिजबुल का टॉप कमांडर मेहराजुद्दीन ढेर



**कश्मीर।** उत्तर कश्मीर के हंदवाड़ा में सुरक्षाबलों की बड़ी सफलता मिली है। आतंकवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने हिज्बुल के टॉप कमांडर मेहराजुद्दीन उर्फ उबैद को मार गिराया है। उबैद कई आतंकी गतिविधियों में शामिल था। वहीं इस मुठभेड़ से सुरक्षाबल ने एक एके, चार मैगजीन बरामद की हैं। आईजीपी कश्मीर का कहना है कि आतंकी संगठन हिज्बुल के मेहराजुद्दीन को मुठभेड़ में मार गिराया गया है जो कि बेहद पुराना आतंकी था। वह आतंकवाद से जुड़े अनेक अपराधों में शामिल था। यह एक बड़ी सफलता है। इस ऑपरेशन को हंदवाड़ा पुलिस, 32 आरआर और 92 बीएन सीआरपीएफ ने मिलकर अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार हंदवाड़ा में पाजीपोरा-रेनान इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार सुबह वहां घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया था। इस दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई।

## डेल्टा से भी ज्यादा खतरनाक लैम्बडा वैरिएंट

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट ने दुनिया में तबाही मचा दी, इस वैरिएंट ने भारत में कोरोना की दूसरी लहर तहत लाखों लोगों की जान ली और आज भी इस डेल्टा वैरिएंट को स्वास्थ्य अधिकारियों ने वैरिएंट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में रखा हुआ है। डेल्टा के बाद अब कोरोना वायरस के लैम्बडा वैरिएंट को सबसे ज्यादा खतरनाक बताया जा रहा है। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे वैरिएंट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में डाल दिया है। मंत्रालय ने जानकारी दी कि अबतक 30 से ज्यादा देशों में लैम्बडा वैरिएंट के मामले मिले हैं। मलेशिया के स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को ट्वीट किया और बताया कि लैम्बडा स्ट्रेन पेरू में सबसे पहले पाया गया, यह दुनिया में सबसे ज्यादा मृत्युदर वाला देश है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी कि ब्रिटेन में भी लैम्बडा वैरिएंट के कुछ मामले सामने आए हैं। बता दें कि कुछ स्वास्थ्य अधिकारी इस बात को लेकर चिंतित हैं कि ये वैरिएंट डेल्टा की तुलना में ज्यादा संक्रामक हो सकता है।




## घर बैठे कर सकेंगे बाबा बर्फानी की वर्चुअल पूजा

**वेब डेस्क।** अमरनाथ भक्त अब घर बैठे वर्चुअल पूजा, हवन और प्रसाद की आनलाइन बुकिंग करवा सकते हैं। पवित्र गुफा में पुजारी श्रद्धालुओं के नाम की पूजा करेंगे और श्राइन बोर्ड की ओर से 48 घंटे के भीतर प्रसाद श्रद्धालुओं को उनके घर पर पहुंचाने के प्रबंध किए जाएंगे। श्रद्धालु हवन और पूजन में लाइव भी जुड़ सकते हैं। श्रद्धालुओं के नाम पर वर्चुअल पूजा और दर्शन के साथ हवन, आनलाइन प्रसाद बुकिंग की सेवा शुरू कर दी गई हैं। श्राइन बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट श्रीअमरनाथजीश्राइन.काम पर आनलाइन सेवा को बुक करवाया जा सकता है, जिसमें श्रद्धालुओं को वहां दिए लिक को क्लिक करना होगा।



वर्चुअल पूजा या हवन पवित्र गुफा में पुजारी श्रद्धालुओं के नाम से करेंगे और मंत्र श्लोक उच्चारण करेंगे। विशेष वर्चुअल पूजा के लिए श्रद्धालु जियो मीट एप्लीकेशन के जरिए आनलाइन जुड़ सकते हैं। इससे श्रद्धालु बाबा अमरनाथ के पवित्र शिवलिग के दर्शन भी कर पाएंगे। श्री अमरनाथ के श्रद्धालुओं को दर्शन के निजी अनुभव करवाने के उद्देश्य से उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड की विभिन्न आनलाइन सेवाओं को लांच किया। इस दौरान उपराज्यपाल ने कहा कि देश विदेश में बैठे शिव भगत इस सेवा का लाभ उठा सकते हैं। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीतिश्वर कुमार ने बताया कि डाक विभाग के सहयोग से 48 घंटों के भीतर श्रद्धालुओं को प्रसाद उनके घर पर उपलब्ध करवाया जाएगा।

## कर्मचारियों को आज फिर मिली मायूसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्रिमंडल के विस्तार की खबरों बीच सरकारी कर्मचारियों को एक बार फिर मायूसी हाथ लगी। केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार यानी आज सुबह 11 बजे होने वाली बैठक रद्द कर दी गई है। कयास लगाए जा रहे थे कि इस बैठक में सरकारी कर्मचारियों के महंगाई भत्तेऔर महंगाई राहत लाभों को फिर से बहाल करने पर फैसला लिया जा सकता था। बता दें कि कोरोना महामारी का कहर शुरू होने के बाद करीब एक साल पहले केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते को रोक दिया गया था। वहीं अब जब धीरे-धीरे स्थिति सामान्य हो रही है। ऐसे में माना जा रहा था कि आज इस पर कैबिनेट की बैठक में कोई बड़ा फैसला हो सकता है, लेकिन बैठक रद्द होने के चलते सरकारी कर्मचारी मायूस हो गए हैं।हाल ही में सोशल मीडिया पर एक खबर तेजी से वायरल हो रही थी, जिसमें दावा किया जा रहा था कि केंद्र सरकार ने जुलाई से सरकारी कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ता और केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत को शुरू करने को लेकर दिशानिर्देश जारी किए हैं। वित्त मंत्रालय ने इस खबर का खंडन किया था।

# मप्र मेडिकल विश्वविद्याल की सभी परीक्षाएं निरस्त




## 6 जुलाई की परीक्षा कराने ई-मेल से भेजने पड़े पेपर, अफरा-तफरी के बीच हो पाया MBBS फाइनल का पेपर

**जबलपुर।** मप्र आयुर्विज्ञन विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा कराने वाली ठेका कंपनी माइंडलॉजिक्स इंफ्राटेक के टर्मिनेशन और प्रशासनिक प्रतिनियुक्ति पर आईं दो महिला अधिकारियों को उनके मूल विभाग में वापस किए जाने के बाद सारी व्यवस्थाएं गड़बड़ा गईं हैं। इसे देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने आगामी सभी परीक्षाओं को निरस्त कर दिया है। अब परीक्षाओं का नया टाइम टेबल घोषित होगा। मेडिकल विश्विद्यालय ने इससे पहले 5 जुलाई सोमवार की परीक्षा इंदौर में एक परीक्षा केंद्र में मरम्मत का हवाला देकर आयुर्वेद विभाग की परीक्षा टाल दी थी। मंगलवार 6 जुलाई को एमबीबीएस फाइनल का पेपर था। अफरा-तफरी के बीच ई-मेल से मेडिकल कॉलेजों को प्रश्नपत्र भेज कर परीक्षा कराई गई। ग्वालियर मेडिकल कॉलेज ने इस पर आपत्ति भी दर्ज कराई है। यह परीक्षा तो किसी तरह हो गई, लेकिन आगे की सभी परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया है।

### नए ठेका कंपनी का अनुबंध होने के बाद ही होगी परीक्षा

मेडिकल विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था ठेका कंपनी माइंडलॉजिक्स इंफ्राटेक ही संभाल रही थी। परीक्षा से लेकर मूल्यांकन और रिजल्ट बनाने का काम उसके जिम्मे था। धांधली के आरोपों के बीच कंपनी के टर्मिनेशन के चलते परीक्षाओं को निरस्त करना प?ा। अब नए ठेके के बाद ही परीक्षाओं का शेड्यूल घोषित होगा।

### ये घोषित परीक्षाएं हुईं निरस्त

बीपीटी, बीओटी, बीएएमएस, पीजी डिग्री/डिप्लोमा मेडिकल फैकल्टी 2018-19 बैच, एमडीएस, बीएचएमएस, बीएएमएस, एमबीबीएस, बीयूएमएस की परीक्षाओं को आगामी आदेश तक निरस्त कर दिया गया है।



## अब कम्पलीट वैक्सीनेशन पर दिया जा रहा जोर

# खासा उत्साह, सेंटरों में भीड़

**जबलपुर ,यशभारत।** प्रशासन,पुलिस और नगरनिगम के संयुक्त प्रयास ,वैक्सीनेशन और कोराना वायरस खिलाफ बढ़ रही जागरुकता का कारण है कि आज जबलपुर में महामारी पर विजय हासिल हो रही है।मंगलवार को एक संक्रमित मिला था। पाजिटिव रेट जहां ०1प्रतिशत और रिकवरी तेट 98.62 प्रतिशत रहा।उधर वैक्सीन सेंटरों में लोगों की खासी भीड़ उमड़ रही है। जिसकी बानगी आज सुबह मेडिकल कालेज अस्पताल और बिंग्स कांवेट स्कूल में सुबह देखने को मिली जहां सैकड़ों लोग जिंदगी का टीका लगवाने के लिए पहुंचे। इस दौरान कोविड नियमों का पालन किया गया। वैक्सीन की कमी के मद्देनजर आज के लिए महज 20 हजार डोज मिले है। यही कारण है कि वैक्सीनेशन सिर्फ सेकेंड डोज लगवाने वालों का हो रहा है। जिले में कुल 132 सेंटर्स बनाए गए हैं। शहर के तीन और ग्रामीण क्षेत्र के 87 सेंटर्स पर कोवैक्सिन लगेगी। वहीं शहर के 42 सेंटर्स पर कोवीशील्ड लगाई जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉक्टर शत्रुघन दाहिया के मुताबिक अभी वैक्सीन कम मिल पा रही है। ऐसे में पहला डोज लगवा चुके लोगों को ही प्राथमिकता में रखते हुए कम्पलीट वैक्सीनेशन पर जोर दिया जा रहा है। हालांकि किसी सेंटर्स पर फर्स्ट डोज लगवाने कोई पहुंच जाएगा तो उसे मना नहीं किया जाएगा। **फोटो- बबलू**




### जिला अधिवक्ता संघ द्वारा कैम्प

जिला अधिवक्ता संघ द्वारा सेकेण्ड डोज वैक्सीनशन का कैम्प लगाया गया जिसमें जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सुधीर नायक ,सचिव राजेश तिवारी ,बाबा परसाई ,अजय दुबे ,तरुण रोहितास आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।



# 48 महिलाओं ने सीखा चार पहिया वाहन चलाना

**जबलपुर ।** महिला सशक्तिकरण दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए परिवहन विभाग ने महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के उद्देश्य से नि:शुल्क फोर व्हीलर गाड़ियों का ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर सभी जिला कार्यालयों में आयोजित किया गया। इसी कड़ी में जबलपुर में आरटीओ संतोष पाल के मार्गदर्शन में 48 महिलाओं ने शासन की योजना के तहत ड्राइविंग प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया और वाहनों को चलाने में सफलता अर्जित कर ली है। इनमें से ज्यादातर ने तो रोजगार के उद्देश्य से इसे सीखा है वहीं कई ने बतौर शौक ड्राइविंग सीखी है। मंगलवार को 30 दिनी शिविर का समापन हुआ और जल्द ही एक सादे कार्यक्रम में इन्हें ड्राइविंग लाइसेंस सौंपे जाएंगे।

## रेल मंडल द्वारा ओलम्पिक खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने सेल्फी पॉइंट बनाया




**जबलपुर यश भारत।** जापान की राजधानी टोकियो में आगामी 23 जुलाई से आयोजित ओलंपिक गेम में भारतीय दल का हौसला बढ़ाने के लिए उन्हें चीयर करने भारतीय रेलवे द्वारा पूरे देश में अभियान चलाया जा रहा है. इस अभियान के तहत जबलपुर रेल मंडल द्वारा भी मंडल कार्यालय में एक सेल्फी पॉइंट बनाकर खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु मंडल के रेलवे अधिकारियो ने उन्हें शुभकामना दी है। डी.आर.एम. कार्यालय में बनाये गए इस सेल्फी पॉइंट में डी.आर.एम. संजय विश्वास, ए. डी.आर.एम. दीपक गुप्ता, मंडल के शाखा अधिकारी सर्व विश्व रंजन, मंडल खेल सचिव अभिराम खरे, संजय यादव, मनीष पटेल,बी.एन.मिश्रा, पी. के. स्द्बठ्ठद्दद्ध आदि ने सेल्फी लेते हुए टोकियो में जाने वाले 100 सदस्यीय भारतीय ओलम्पिक दल के विजयी होने की कामना की. टोकियो में 23 जुलाई से 08 अगस्त 2021 तक 19 दिवसीय इन खेलों में भारतीय दल में अनेक खिलाडी रेलवे के भी है. खिलाड़ियों के पूर्व प्रदर्शन एवं वर्तमान प्रशिक्षण से रेलवे अधिकारियो ने आशा व्यक्त की है कि इस बार भी भारतीय टीम ओलम्पिक खेलों में पदको के साथ वापस आयेगी।

# दिव्यांगजनों की समस्यायें निराकरण करें : आयुक्त नि:शुक्तजन

**जबलपुर।** जबलपुर प्रवास के दौरान आयुक्त निशक्तजन संदीप रजक ने दिव्यांग जनों से कलेक्ट्रेट में मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को निराकरण करने के निर्देश दिए। दिव्यांग जनों को दिए जाने वाले सहायक उपकरण व्हीलचेयर ट्राई साइकिल मोटराइज्ड ट्राई साइकिल वैशाखी श्रवण यंत्र में आने वाली समस्या और उनके रिपेयरिंग करने के लिए जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अधिकारी को दिए साथ ही भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को के अधिकारियों को दिव्यांग जनों के लिए तत्काल उपकरणों को सुधारने के लिए निर्देश दिये।पात्र पेंशन प्रकरण तत्काल स्वीकृत करने के निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांग जनों द्वारा पेंशन की राशि को वृद्धि किए जाने की मांग को शासन स्तर तक पहुंचाने के लिए आश्वासन दिया। दिव्यांग द्वारा स्वरोजगार हेतु शासन से ऋण सहायता दिए जाने के लिए अपनी मांग रखी गई जिसके लिए जिला उद्योग केंद्र एवं लीड बैंक के अधिकारियों को आयुक्त श्री रजक द्वारा प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। आयुक्त श्री रजक ने समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारियों को अपने-अपने नगरी निकाय स्तर पर ही दिव्यांग जनों की समस्याओं के निराकरण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करने के लिए निर्देशित किया एवं उदासीनता अथवा लापरवाही की शिकायत मिलने पर कठोर कार्रवाई करने की बात कही। इस अवसर पर संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय आशीष दीक्षित सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# शिक्षा मंदिर में अजब-गजब का कारनामा

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ द्वारा बताया गया कि राज्य विज्ञान शैक्षणिक संस्थान (एस.आई.एस.ई.) जबलपुर के प्रभारी संचालक की कार्यशैली से प्रशिक्षण संस्थान में एम.एड. व बी.एड. करने वाले प्रशिक्षणार्थी हैरान व परेशान हैं । प्रभारी संचालक द्वारा हद तो तब कर दी गई जब बी.एड. प्रशिक्षणार्थी के कार्यमुक्त होने के पूर्व संस्थान से नो ड्यूज लेने हेतु उन्हें आदेशित किया गया कि संस्थान में ही पदस्थ व अध्ययनरत् दो एम.एड. के प्रशिक्षणार्थियों से अनापत्ति प्रमाण-पत्र लेने को कहा गया । मजबूरीवश अध्यापकों को उन दोनों एम.एड. के विद्यार्थियों से फिजिक्स व एक अन्य विषय से अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त कर संस्थान में जमा करना पड़ा जो कि नियम विरूद्ध है । एम.एड. के प्रशिक्षणार्थीयों द्वारा संस्थान में बी.एड. करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अपने हस्ताक्षर स

### एम.एड. वाले जारी कर रहे हैं बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों को नो-ड्यूज

नो-ड्यूज जारी की गई है जब ये स्वयं एम.एड. के प्रशिक्षणार्थी हैं तो इनके द्वारा बी.एड. करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को नो-डयूज किस आधार पर जारी किया जा रहा है । संस्थान में एन.ओ.सी. नियम विरूद्ध जारी करना गंभीर अनियमित्ताओं को जन्म देता है ।इसके साथ ही कार्यमुक्त हुए प्रशिक्षणार्थियों को दो वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रशिक्षण लेने के बदले मिलने वाले अर्जित अवकाश का आदेश भी नहीं दिया गया जबकि संस्थान में ग्रीष्मकाल में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों को अर्जित अवकाश का लाभ दिया जा रहा है तो यह दोहरा मापदण्ड क्यों ? संघ के मुकेश सिंह, आलोक अग्निहोत्री, अजय सिंह ठाकुर, तरूण पंचौली, मनीष चौबे, नितिन अग्रवाल, गगन चौबे, श्यामनारायण तिवारी, प्रणव साहू, गणेश उपाध्याय, राकेश दुबे, मनीष लोहिया, राकेश उपाध्याय, मनोज सेन, सुदेश पाण्डेय, विनय नामदेव, देवदत्त शुक्ला, सोनल दुबे, विजय कोष्टी, अब्दुल्ला चिस्ती, पवन ताम्रकार, संजय श्रीवास्तव, आदित्य दीक्षित, संतोष कावेरिया, जय प्रकाश गुप्ता, आनंद रैकवार, अभिषेक मिश्रा, संतोष तिवारी आदि ने आयुक्त, राज्य शिक्षा केन्द्र, भोपाल को ई मेल भेजकर मांग की है कि संचालक, राज्य विज्ञान शैक्षणिक संस्थान जबलपुर में हो रही अनियमित्ताओं की जॉच कर दोषी प्रभारी संचालक पर कार्यवाही कर प्रभारी प्रथा को खत्म किया जाये।

# आयुध निर्माणी के अधिकारी सीखेंगे लेखा जोखा

जबलपुर यश भारत ।आयुध निर्माणियों के अधिकारी जो अभी सिर्फ काम करने कराने के लिए आदेश निर्देश देते थे। उन अधिकारियों को अब काम का हिसाब किताब रखने के लिए कंपनी अधिनियम के मूलभूत तत्वों से परिचित कराया जाएगा। ताकि निगमीकरण के बाद काम संपन्न कराने के लि लिए कोईव्यवधान नहीं हो ।मालूम हो कि पहले आयुध निर्माणियों का लेखा जोखा 220वर्षों से केन्द्रीय रक्षा लेखा विभाग करता आ रहा है। आयुध निर्माणियों के निगमीकरणके बाद कंपनियों में परिवर्तित आयुध निर्माणियों के अधिकारियों को अब कंपनी अधिनियम से परिचित कराया जाएगा। इसके लिए उन्हें तीन दिवसीय प्रशिक्षण देने की तैयारी कर ली गई है ।फैक्ट्रियों के सभी महाप्रबंधक को कहा गया है कि वे चुनिंदा अधिकारियों के नाम 5 अगस्त तक भेज दें ।जिससे उन्हें 9 अगस्त से प्रशिक्षण दिया जा सके। इस संबंध में गत 5 जुलाई को आयुध निर्माणियां प्रशिक्षण संस्थान अंबरनाथ के संयुक्त निदेशक की ओर से सभी निर्माणियों के महाप्रबंधक को पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि विगत 16 मई को कैबिनेट की मंजूरी के बाद आयुध निर्माणी बोर्ड सात निगमों में परिवर्तित हो जाएगा ।अत: यह निहायत जरूरी है कि अधिकारी और स्टाफ को कारपोरेट अधिनियम की प्राथमिक समझ होना जरूरी है। ताकि वेनए सिस्टम के अनुसार काम विधिवत कार्य जारी रख सकें। उक्त परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए आयुध निर्माणी प्रशिक्षण संस्थान अंबरनाथ ने 3 दिन का प्रशिक्षण देने के लिए कोर्स तैयार किया है। जो 9 से 11 अगस्त तक चलेगा ।लिहाजा सभी फैक्ट्रियों के महाप्रबंधक चुनिंदा अधिकारियों और स्टाफ के आवेदन 5 अगस्त तक प्रशिक्षण संस्थान को पहुंचा दिए जाएं।




**निगमीकरण के सुचारू संचालनके लिए प्रशिक्षण की तैयारी**

### जनेकृविवि के वैज्ञानिकों ने संरक्षित वन क्षेत्र में

# टिष्यु कल्चर तकनीक से विकसित पौधे रोपे

जबलपुर ।जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र के वैज्ञानिकों ने टिष्यु कल्चर की खास तकनीक से चिंरौजी के पौधों का विकास कर संरक्षित वन क्षेत्र में रोपाई की। इस तकनीक से पौधों की वृद्धि एवं विकास के लिये अनुकुल वातावरण मिल सकेगा। जनेकृविवि के जैव प्रौद्योगिकी केन्द्र द्वारा जैव प्रौद्योगिकी विभाग, विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित परियोजना ''मध्यप्रदेश के संरक्षित वन क्षेत्रों से चिंरौजी के जननद्रव्य का एकत्रिकरण, चरित्रांकन एवं उत्तक संर्वधन तकनीकी के विकास''श्के तहत टिश्यु कल्चर से चिंरौजी के विकसित पौधों को वन विभाग जबलपुर के सहयोग से संरक्षित वन क्षेत्र छितरी, परिक्षेत्र, पनागर में रोपित किया गया। जिससे इन पौधों को उनकी वृद्धि एवं विकास के लिये अनुकुल वातावरण मिल सकेगा। टिश्यु कल्चर तकनीकी से विकसित पौधे उच्च गुणक्तायुक्त, कीट एवं रोग मुक्त एवं जल्दी फ्लन देने में समर्थ होते है जिसका प्रभाव आगे परियोजना के तहत किया जायेगा। इस कार्यक्रम में केन्द्र निदेशक डॉ. शरद तिवारी, परियोजना अन्वेशक डॉ. आर.एस. षर्मा, डॉ. शिवराम कृष्णन, डॉ. स्तुति षर्मा केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. कीर्ति तन्तवाय, डॉ. नम्रता द्विवेदी एवं वन विभाग के अधिकारी, डीएफ्ओ श्रीमति अंजना सुचिता र्तिकी, एसडीओ श्री मुकेश पटेल, परिक्षेत्र अधिकारी श्री विवेक पटेल एवं वन रक्षक उपस्थित रहे।अनार्थिक मांग पदनाम देने में आनाकानी कर रही सरकार



## डॉक्टर तरुण नागपाल को अंतर्राष्ट्रीय फेलोशिप



**जबलपुर ।** जबलपुर के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन डॉ तरुण नागपाल को प्रतिष्ठित यूरोपियन बोर्ड ऑफ न्यूरोलॉजी से अंतरराष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण करने के उपरांत फैलोशिप ऑफ द यूरोपियन बोर्ड ऑफ न्यूरोलॉजी प्रदान की गई ।उक्त उपलब्धि प्राप्त होने से शहर की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है ।और चिकित्सा जगत में हर्ष व्याप्त है ।

## चरगवा से गोटेगांव जा रही थी कच्ची शराब

### दो तस्कर गिरफ्तार, बाइक जब्त

**जबलपुर यश भारत।** जिले के चरगवा थाना क्षेत्र से कच्ची शराब लेकर दो तस्कर बाइक पर गोटेगांव जा रहे थे इस मामले की सूचना मुखबिर खास द्वारा पुलिस को लगते हैं हरकत मैं आई और बीच रास्ते में घेराबंदी कर दोनों तस्करों को गिरफ्तार कर 60 लीटर कच्ची शराब जप्त की गई। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गोटेगांव के सुकरी निवासी 35 वर्षीय गोपाल पिता टीकाराम एवं लाल सिह पिता गिरधारी बाइक में सवार होकर आज सुबह थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से अलग अलग गुममो में 60 लीटर कच्ची शराब लेकर बेचने के लिए गोटेगांव जिसकी भनक पुलिस को लगते ही वह उस रास्ते में पहुंची जहां से शराब तस्कर निकलने वाले थे पुलिस के पहुंचते ही दोनों तस्करों ने भागने का प्रयास किया जिनको बाद में घेराबंदी कर अपनी गिरफ्त में ले लिया उनके कब्जे से 6 हजार रुपए की कच्ची शराब जप्त की। करते हुए उनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।




# पमरे की मेडिकल वैन और सभी दुर्घटना राहत

## ट्रेनों को मिला 9001-2015 प्रमाण पत्र



**जबलपुर ।** पश्चिम मध्य रेल आपदा प्रबंधन को उच्च तकनीक से लैस करने हेतु तेजी से प्रयासरत है। आपदा प्रबंधन में मुख्यत- एआरटी और एआरएमवी शामिल है। इनमें उच्च तकनीक के समाहित एवं कुशल रखरखाव के कारण इनको 9001-2015 प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। जिससे इनकी विश्वनीयता में बढ़ोत्तरी हुई है। पमरे की सभी एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन-एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन दुर्घटना स्थल पर तीव्रगति से पहुंच कर दुर्घटना के दौरान चिकित्सीय उपचार बिना एक क्षण गवाएं तथा प्राथमिक उपचार त्वरित आरंभ कर देते हैं, क्योंकि किसी भी दुर्घटना में प्रथम घंटा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। इस एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल वैन में रेलवे डॉक्टर की टीम, प्रशक्षित, पैरामेडिकल स्टॉफ के साथ-साथ आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण, दवाएं, चिकित्सीय सामग्री उपलब्ध रहते हैं, एवं एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन में अति प्रशक्षित एवं अनुभवी रेल अधिकारी और कर्मचारियों की टीम तथा सभी रिलीफ एवं रेस्ट्रोरेशन के लिए उपकरण मशीनें तैनात रहती है जो शीघ्र से शीघ्र दुर्घटना स्थल पर पहुंच कर रेलमार्ग को ठीक कर रेल परिचालन को गाड़ी संचालन हेतु व्यवस्थित करती है।

### ये हैं पमरे में संसाधन

पश्चिम मध्य रेल के बेड़े में क्लास ।में 140 टन की क्रेन सहित 04 एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन, क्लास 2 में 03 एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन एवं क्लास 3 में 01 एक्सीडेंट रिलीफ ट्रेन हैं, तथा इसके साथ 06 एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल रिलीफ वैन , 03 सेल्फ प्रोपेल्ड एक्सीडेंट रिलीफ मेडिकल इक्विपमेंट है और सभी को 9001-2015 प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। इन सभी आपदा राहत ट्रेन में जीपीएस ट्रैकर सिस्टम लगा हुआ है। पमरे में मुख्यत- एआरटी एनकेजे, एआरटी इटारसी एवं एआरटी कोटा के साथ सभी एआरटी में ड्रोन कैमरा भी लगा हुआ है।

## पाँच स्पेशल गाड़ियों में लगेंगे अतिरिक्त कोच

**जबलपुर यश भारत।** रेल प्रशासन द्वारा गाड़ियों में प्रतीक्षा सूची धारकों की संख्या में बढ़ोतरी के कारण हमेशा ही ट्रेनों में अतिरिक्त कोच लगाए जाते रहे हैं। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने के लिए गाड़ी संख्या 01754 रीवा से इतवारी स्पेशल ट्रेन में आज 02 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02187 जबलपुर से सीएसएमटी गरीब रथ स्पेशल ट्रेन में 01 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। गाड़ी संख्या 02186 रीवा से हबीबगंज स्पेशल ट्रेन में 01 शयनयान श्रेणी का अतिरिक्त कोच लगाया जा रहा है। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02134 जबलपुर से बांद्रा टर्मिनस स्पेशल ट्रेन में दिनाँक 09.07.2021को 02 शयनयान श्रेणी और गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर से कोयम्बटूर स्पेशल ट्रेन में दिनाँक 09.07.2021 को 03 शयनयान श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाए जा रहा हैं। यह गाड़ी पूर्णत: आरक्षित है अत: इनमें कंफर्म टिकटधारी यात्रियों को ही यात्रा करने की अनुमति है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अनुरोध करता है कि यात्रा के दौरान कोविड-19 से संबंधित सभी दिशा-निर्देशों का कृपया पूरी तरह पालन करें।

# अमखेरा से खजरी बायपास बना मौत का मार्ग

**जबलपुर। अमखेरा से लेकर खजरी बायपास तक का रास्ता आज यहां से गुजरने वाले हजारों रहवासियों के लिये काल बना हुआ है। घटिया सड़क के चलते बीते कुछ सालों में दर्जनों लोगों की सड़क हादसे में मौत इस मार्ग पर हुई है. वहीं सैंकड़ों लोग घायल हुये हैं।**

इस मार्ग का सड़क निर्माण वर्षों से प्रस्तावित एवं पास है. दर्जनों धरने प्रदर्शन ज्ञापन निवेदन हो चुके है. लेकिन आज तक शासन प्रशासन के कान में जूं नहीं रेंगी और सड़क का काम शुरु नहीं हो सका. जिसका खामियाजा आमजनता भुगत रही है. यह बात समाजसेवी याकूब अंसारी ने कलेक्टर जबलपुर से कही. याकूब अंसारी के नेतृत्व में क्षेत्रीय निवासियों ने कलेक्टर जबलपुर को अमखेरा से लेकर खजरी बायपास तक के मार्ग की वास्तुस्थिति से कलेक्टर जबलपुर को अवगत कराया. ज्ञापन में कहा गया यदि 30 दिनों के अन्दर सड़क का निर्माण कार्य शुरु नहीं हुआ तो क्षेत्र की जनता आंदोलन के लिये मजबूर होगी. जिसकी सम्पूर्ण जवाबदेही जिला प्रशासन की होगी। याकूब अंसारी ने बताया, अमखेरा से लेकर खजरी बायपास तक की सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है. इस पूरे मार्ग में दोनों तरफ हजारों की संख्या में आबादी निवास करती है. वहीं हाईवे से मिलाने वाले इस मार्ग पर हर दिन हजारों छोटे बड़े वाहन गुजरते हैं. सड़क अत्यंत खराब होने की वजह से हर दिन छोटे बड़े हादसे हो रहे है. सड़क की हालत का अंदाजा सिर्फ इसी बात से लगाया जा सकता है की अमखेरा से खजरी बायपास तक पहुंचने में 20-30 मिनट लग रहे हैं. इस मार्ग के चारों तरफ की रोड बना दी गई, लेकिन सिर्फ यही मार्ग क्यों उपेक्षा का शिकार है यह समझ से परे है. हमारी प्रशासन से मांग है की मामले को गंभीरता से ले और सड़क निर्माण शीघ्र शुरु करवाएं. जिससे भविष्य और जनहानी एवं हादसे ना हों।

# भीषण उमस से सब परेशान



# जबलपुर के रास्ते सक्रिय हो मानसून

**जबलपुर,यशभारत। मानसून की बेरुखी ने लोगों को हलाकान करके रख दिया है। जहां किसान बारिश न होने से चिंतित है तो वहीं लोग भीषण उमस से परेशान है। जुलाई में बारिश नहीं होने से मौसम गर्म हो रहा है।**

तापमान बढ़े होने के अलावा उमस भी दिन भर रही। 6 जुलाई को दिन का तापमान 37.1 डिग्री सामान्य से 4 डिसे अधिक और रात का तापमान 27.4 डिग्री दर्ज सामान्य से दो डिसे अधिक था। जबकि आज का न्यूनतम तापमान 28.1 सामान्य से 3 डिसे अधिक था। हालांकि मौसम विभाग ने अब कल से अनवरत बारिश शुरू होने के आसार जताए हैं।वैसे आज शाम को भी बादल बरस सकते हैं। 10 जुलाई से तेज बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया जून में बारिश अच्छी हो गई थी, लेकिन मानसून के अटकने से फिलहाल बारिश रुकी है। जिले में इस साल मानसून जल्द आया है। मानसून 11 जून को आ गया था। जिले की सामान्य बारिश 52 इंच है। इसमें इस समय तक पिछले साल 172.2 मिलीमीटर बारिश हो गई थी।अभी तक 167.4 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। मानसून ब्रेक के 8 जुलाई से खत्म होने की संभावना बढ़ गई है। बंगाल की खाड़ी में बन रही मजबूत हलचल से प्रदेश तरबतर होने वाला है। मानसून के 8 जुलाई को जबलपुर मंडला, बालाघाट, के रास्ते पूरे प्रदेश में दस्तक देने की संभावना है। इसके आसार जबलपुर में नजर आने भी लगे हैं। प्रदेश में फिलहाल उमस ने लोगों को परेशान कर रखा है। बंगाल की खाड़ी में मजबूत सिस्टम डेवलप हो रहा है।राजस्थान में भी कम दबाव का क्षेत्र बनने लगा है। हवा की दिशा भी अब पश्चिमी-दक्षिणी हो गई है। ऐसे में जो द्रोणिका बनी है, उससे 8 जुलाई को दोपहर 3 बजे के बाद जबलपुर जोन में जमकर बादलों के बरसने की संभावना है। यह बारिश लगातार 4 से 5 दिन होती रहेगी। अभी यह जबलपुर के रास्ते प्रदेश में दस्तक देगा। छिटपुट बारिश 8 जुलाई से शुरू होगी, लेकिन तेज बारिश के लिए दो तीन दिन इंतजार करना होगा। 11 जुलाई से प्रदेश में तेज बारिश शुरू होने के आसार हैं।

# बारिश के पहले नगर निगम की तैयारी



**कमिश्नर उतरे मैदान में ,कहा - निचले स्तर के क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत**

**जबलपुर, यशभारत।** बारिश को लेकर मौसम विभाग द्वारा जारी चेतावनी एवं अधिक बारिश होने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त संदीप जी आर ने शहर के निचले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता और सावधानी बरते जाने के निर्देश जारी किए हैं। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बारिश को देखते हुए किसी भी आपात स्थितियों के लिए अधिकारियों को तैयार रहने के निर्देश देते हुए कहा है कि हालातों पर नजर रखकर नागरिकों को राहत दिलाएं। उन्होंने सभी सहायक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं मुख्य स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि वे निचले क्षेत्रों में खास सावधानी बरतें एवं अपने-अपने क्षेत्रों में पहुंचकर जलभराव एवं जल निकासी से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न होने की दशा में तत्काल ही नागरिकों एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय बनाकर समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए हैं। निगमायुक्त संदीप जी आर ने बताया कि बारिश के मौसम में अधिक बारिश होने की स्थिति में शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की समस्या उत्पन्न होती है अत:अभी से ही इस दिशा में कायज् कर समस्याओं के निराकरण के लिए कार्य किया जाना अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जलभराव के निराकरण एवं जल निकासी के लिए उचित उपाय कर नागरिकों को जलप्लावन से राहत दिलायी जाए।

# औद्यो.कर्मियों को किश्तों में छुट्टियों की बंदिश खत्म

**लंबे अरसे बाद जी आई एफ मजदूर यूनियन को सफलता**

**जबलपुर यशभारत।** एक ओर जहां सभी आयुध फैक्ट्रियों के औद्योगिक कर्मचारियों को अर्पित अवकाश लेने में6 बार की बंदिश दो दशक पूर्व समाप्त करने के साथ अनौद्योगिक कर्मचारियों के समान छुट्टियां जमा करने के साथ नगदीकरण की सुविधा उपलब्ध कराई गई।वहीं जी आई एफ मे औद्योगिक कर्मचारियों के साथ भेदभाव करते हुए 6बार छुट्टी लेने की बंदिश समाप्त कर उन्हें अपनी मर्जी से छुट्टी लेने की पात्रता का आदेश जारी कर दिया गया है।इस मामले को मजदूर यूनियन की ओर वर्क्स कमेटी सचिव राकेश दुबे ने तमाम नियमों की प्रति के साथ अन्य फैक्ट्रियों के आदेश सामने रखे तब जाकर प्रबंधन ने आदेश जारी किया।

वर्क्स कमेटी सचिव राकेश दुबे ने बताया कि लम्बे समय से अर्जित अवकाश (ई एल).की सीलिंगअधिकतम 6 बार में लेने की बाध्यता को समाप्त करने की मांग करते आई है । इस संबंध में जी आई एफ प्रशासन को पत्र भी लिखा गया परिणाम स्वरूप कल मंगलवार को मांग को स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रशासन ने अब ई एल.अवकाश सीलिंग अधिकतम 6 बार में लेने की बाध्यता को समाप्त कर दिया गया है।कर्मचारी अब एक वर्ष में अपनी इच्छानुसार अधिकतम कई बार अवकाश ले सकता है। यूनियन के श्री राम मीणा जे सी एम-3सदस्य मनोज साहू रविरंजन पांडे शशिभूषण विश्वकर्मा राजेंद्र कुर्मी संतोष चौधरी आदि ने कहा कि यह आपकी एकता की जीत है। यूनियन लगातार कर्मचारियों के हितों की रक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

### *वर्क्स कमेटी चुनाव31जुलाई को

जी आई एफ मे आज बुधवार को वर्क्स कमेटी चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है।कार्यक्रम के अनुसार आगामी31जुलाई को 2 वर्षीय कार्यकाल के लिए चुनाव होगा।अधिसूचना जारी होते ही सभी यूनियनों की गतिविधियां तेज हो गई है।मजदूर यूनियन पिछले तीन सत्र से वर्क्स कमेटी में काबिज है।31जुलाई की शाम तक नतीजे घोषित होने के साथ तय हो जाएगा कि कर्मचारी किसके हाथ में वर्क्स कमेटी की बागडोर सौपते हैं।

# ईएसओ इंडिया की शिकायत पर आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में हुई बड़ी कार्यवाही

**परीक्षा नियंत्रक को पद से हटाया , रिजल्ट जारी करने वाली कंपनी को किया ब्लैक लिस्टेड**

**जबलपुर ।** आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में विगत कई वर्षों से चल रही धांधली और फर्जीवाड़े का बड़ा खुलासा करते हुए ईएसओ इंडिया ने विश्वविध्यालय में चल रहे पास फेल का धंधा कर लाखों छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाली परीक्षा नियंत्रक एवं खुद को कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री के रिश्तेदार बताने वाली वृंदा सक्सेना यादव को पद से हटाकर माइंड लॉजिक कंपनी को विश्वविद्यालय के द्वारा ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया। अखिल भारतीय इंजीनियरिंग छात्र संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आयुर्विज्ञान विश्वविध्यालय प्रभारी अंशुल सिंह राजपूत ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह के निर्देशन पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्री विश्वास सारंग जी को पत्र लिखकर एवं मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र लिखकर उक्त अधिकारी एवं कंपनी के खिलाफ शिकायत की थी जिस पर यह कार्रवाई हुई एवं इस कार्यवाही के बाद पूरे विश्वविद्यालय में हड़कंप मच गया है ! ईएसओ इंडिया के प्रदेश उपाध्यक्ष अंशुल सिंह राजपूत ने बताया कि प्रदेश के किसी भी छात्र के साथ कोई भी अधिकारी अगर किसी प्रकार का गोरखधंधा कर उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ करेगा तो इंजीनियरिंग छात्र संगठन इसका पुरजोर विरोध हमेशा करते रहेगा ! इस फर्जीवाड़े मे अब ईएसओ इंडिया और भी अन्य बड़े खुलासे करने जा रहा है जिसके बाद कई बड़े अधिकारियों पर गाज गिर सकती है । जिसके कारण प्रशासन समेत विश्वविध्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गयी है 7 वहीं ईएसओ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण सिंह ने सरकार द्वारा की गयी कार्यवाही के लिए आभार जताया है

# नेशनल लोक अदालत 10 जुलाई को

**बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण के होंगे समझौते**

जबलपुर। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 10 जुलाई (शनिवार) को कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए एवं स्थानीय परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए लगायी जाने वाली नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-126 एवं 135 के तहत दर्ज बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है।

# मानसिक रूप से अविकसित बालगृह में प्रवेश प्रारंभ

**जबलपुर।** शासकीय मानसिक रूप से अविकसित बालगृह देवताल हितकारिणी स्कूल के पास गढ़ा में मानसिक मंदबुद्धि बालक एवं बालिकाओं का प्रवेश प्रारंभ है। विद्यालय में मंदबुद्धि बालक व बालिकाओं को शिक्षण-प्रशिक्षण, फिजियोथेरेपी की निःशुल्क व्यवस्था शासन द्वारा प्रदाय की जाती है। संस्था में प्रवेश हेतु बालक व बालिकाओं की उम्र 6 से 12 वर्ष होना चाहिए। प्रवेश के समय बुद्धि परीक्षण का प्रमाण पत्र दो छायाप्रति, मूलनिवासी प्रमाण-पत्र, समग्र आईडी एवं विकलांग का प्रमाण-पत्र होना अनिवार्य है। नगर निगम जबलपुर की सीमा में निवासी अभिभावकों के बालकों को दैनिक छात्र के रूप में प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेशित बालक व बालिकाओं हेतु शिक्षण प्रशिक्षण सामग्री एवं भोजन आवासीय छात्रावास निःशुल्क प्रदाय की जाती है। शिक्षण सत्र जुलाई 2021 से प्रारंभ होगा। संबंधित अभिभावक आवेदन पत्र कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए व्हाट्सअप नम्बर 8839299343, 9424631567, 94798456646 पर निर्धारित प्रक्रिया अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

### 7 दिन में दें गृह निर्माण मण्डल की किराये पर दी गई एवं विवादित प्रॉपर्टी की जानकारी

जबलपुर। मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल की प्रदेश में किराये पर दी गई प्रॉपर्टी, विवादित प्रॉपर्टी और अनाधिकृत रूप से कब्जा की गई प्रॉपर्टी के संबंध में 7 दिवस में जानकारी दें। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री तथा मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने यह निर्देश मण्डल के सम्मिलन में दिये। सम्मिलन में जबलपुर के हाथीताल और ओमती प्रोजेक्ट को भी अनुमोदित किया गया। मण्डल के संचालक श्री भरत यादव ने बताया कि सतलापुर मण्डीदीप स्थित कॉलोनी को नगरपालिका मण्डीदीप को हस्तांतरित कर दिया गया है।

### जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्रियों के समूह की प्रथम बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** उत्पादन क्षमता आधारित करारोपण तथा स्पेशल कंपोजीशन स्कीम के संबंध में निर्णय लेने के लिये जीएसटी काउंसिल द्वारा गठित मंत्रियों के समूह की वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रथम बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभी सदस्यों ने उत्पादन क्षमता आधारित करारोपण तथा स्पेशल कंपोजीशन स्कीम के संबंध में प्रारंभिक चर्चा की।समूह के सदस्य के रूप में वित्त, वाणिज्यिक कर, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी मंत्री जगदीश देवड़ा भी शामिल हुए। बैठक में प्रमुख सचिव वाणिज्यिक कर श्रीमती दीपाली रस्तोगी तथा आयुक्त वाणिज्यिक कर राघवेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। दिल्ली, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, उड़ीसा तथा केरल के उप मुख्यमंत्री एवं सदस्य मंत्री भी बैठक में उपस्थित रहे।

# विद्यालय में प्रवेश और सहायक उपकरणों से वंचित न रहे कोई दिव्यांग

जबलपुर। नवीन शिक्षण सत्र में किसी भी स्थिति में कोई भी दिव्यांग शाला में प्रवेश और आवस्यक सहायक उपकरणों से वंचित न रहे। इस हेतु हम सबको को दृढ़ संकल्पित होना चाहिए।शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों तहत आवश्यक होने पर दिव्यांगों को बिना किसी तिथि की बाध्यता के शिक्षण सत्र के बीच कभी भी प्रवेश दिया जा सकता है। उक्त उद्गार मध्य प्रदेश शासन द्वारा नव नियुक्त राज्य शिक्षा सलाहकार डॉ श्रद्धा तिवारी ने जनपद शिक्षा केंद्र पनागर द्वारा दिव्यांगो हेतु आयोजित नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम अध्यक्ष व समावेशित शिक्षा के नोडल अधिकारी डॉ राम नरेश पटेल ने कोरोना काल में शिक्षा के साथ साथ दिव्यांग बच्चों के संक्रमण से बचाव की आवश्यकता पर बल दिया। समारोह में 22 बच्चों को बैसाखी,08 को सी पी चेयर, 06 को व्हील चेयर,10 को ट्राईसिकिल,04 को हियरिंग एड्स,03 को स्मार्ट फोन,12 को एम एस आई डी किट,01 को रोलेटर तथा 03 दिव्यांगों को डी जे प्लेयर प्रदान किए गए। समारोह में सहायक परियोजना समन्वयक श्री तरुण राज दुबे,वी आर सी श्री, एन के पटेल,एम आर सी श्री लक्ष्मी कांत तिवारी तथा श्री उमाशंकर पटेल सहित बड़ी संख्या में दिव्यांग छात्र व अभिभावक उपस्थित थे।

# 107 शासकीय महाविद्यालयों में विद्यार्थी पढ़ेंगे रोजगारमूलक पाठ्यक्रम

**जबलपुर।** उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश अभियान के तहत आगामी सत्र से 107 शासकीय महाविद्यालयों में 177 डिप्लोमा और 282 सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों को प्रारंभ किया जा रहा है। इन पाठ्यक्रमों के माध्यमों से मध्यप्रदेश में उच्च शिक्षा को और अधिक रोजगारोन्मुखी बनाया जाएगा। मंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विषय विशेषज्ञों द्वारा तैयार किए गए यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के कौशल विकास में मदद करेंगे। स्थानीय उद्योगों की आवश्यकता और विद्यार्थियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से यह पाठ्यक्रम तैयार किए गए हैं। विद्यार्थियों को उद्योगों में इंटर्नशिप एवं अप्रेंटिसशिप की व्यवस्था भी की जाएगी।विद्यार्थी महाविद्यालयों में अपनी डिग्री करते हुए सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम कर सकते हैं। इनकी अवधि छह माह होगी। डिप्लोमा कोर्स एक साल की अवधि के होंगे और इन्हें अलग से करना होगा।पहली बार इन विषयों में प्रारंभ होंगे



सर्टिफिकेट और डिप्लोमा पाठ्यक्रम इस सूची में 15 सर्टिफिकेट और 15 डिप्लोमा पाठ्यक्रम ऐसे हैं जो मध्य प्रदेश में पहली बार प्रारंभ किए जा रहे हैं। हर्बल एंड ऑर्गेनिक फार्मिंग प्रोडक्ट्स, कल्टीवेशन प्रोसेसिंग एंड मार्केटिंग ऑफ मेडिसिनल प्लांट, जीएसटी एंड इनकम टैक्स, लैबोरेट्री मैनेजमेंट, वर्मी कंपोस्टिंग एंड हॉर्टिकल्चर, योग ट्रेनिंग, न्यूट्रिशन एंड चाइल्ड केयर, सिक्योरिटी सर्विस, जियो इनफॉर्मेटिक्स, टैक्सटाइल टेक्नोलॉजी, एनवायरमेंट एसेसमेंट, एनजीओ मैनेजमेंट, वैदिक मैथमेटिक्स, इंडस्ट्रियल सेफ्टी रूल्स, एंब्रॉयडरी एंड टेलरिंग विषयों में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम प्रारंभ होंगे।

इसके अतिरिक्त डिजास्टर मैनेजमेंट, साइक्रोमेट्रिक टेस्टिंग इन काउंसलिंग एंड क्लिनिकल साइकोलॉजी, ह्यूमन राइट्स एंड कॉन्स्टिट्यूशन, आर्कियोलॉजिकल साइंस, डिजाइनर फ्लावर पॉट मेकिंग एंड वुड कार्विंग, गाइडेंस एंड काउंसलिंग, इंटीरियर डेकोरेशन, कम्युनिकेशन एंड इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी स्किल्स, नर्सरी एंड फ्लोरीकल्चर, क्रिएटिव स्किल्स, सोइल टेस्टिंग, इंडस्ट्रियल वर्क एंड मैनेजमेंट सिस्टम, हॉस्पिटैलिटी, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट, मीडिया एस्थेटिक्स, कम्प्यूटर हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग विषयों में डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जायेंगे। उच्च शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के परिप्रेक्ष्य में चॉइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू करने की भी तैयारी चल रही है।

# 46 श्वानों को लगा रेबीज का नि:शुल्क टीका

**जबलपुर।** विश्व जुनोसिस दिवस के अवसर पर संभागीय पशु चिकित्सालय एवं इंडियन इम्यूनोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण का आयोजन किया गया। जिसमें 46 श्वानों को रेबीज



टीका निःशुल्क लगाया गया। साथ ही श्वान पालको को श्वानों के रखरखाव आदि की जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. ए.पी. गौतम, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवायें, डॉ. भारती पाठक, डॉ. पी.के. मून, डॉ. पी.के. सोलंकी, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. आर.के. शर्मा, कलीम, मनोज बोम्वडे, अभिषेक रजक, शहनाज, राजेश अजीम, रवि एवं इंडियन इम्यूनोलॉजी के प्रतिनिधि राहुल बैनर्जी का सहयोग रहा।

# डॉ मुखर्जी ने अपना जीवन एकता और अखंडता के लिए समर्पित किया

**120 वीं जयंती पर भाजपा ने 16 मंडलों आयोजित किये पुष्पांजली कार्यक्रम**

जबलपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 120वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा महानगर सहित शहर के 16 मंडलों में पुष्पांजली कार्यक्रम अर्पित किए। भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा गुलौआ पार्क स्थित डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर सॉंसद श्री राकेश सिंह ने कहा कि डॉ मुखर्जी ऐसे राष्ट्रभक्त थे जिन्होंने अपना पूरा जीवन देश की अखंडता एवं एकता के लिए समर्पित कर दिया और कश्मीर से धारा 370 समाप्त करने का विरोध करते हुए उन्होंने अपना बलिदान दे दिया। श्री सिंह ने कहा डॉ मुखर्जी देश के सबसे कम उम्र के कुलपति रहे है इससे उनकी विदुता समझ सकते है। उन्होंने कश्मीर में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान का विरोध करते हुए केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्ती?ा दिया और देश की अखंडता को बचाये रखने के लिये ऐसे राजनैतिक दल की स्थापना की जिसे हम भारतीय जनसंघ के नाम से जानते थे जो आगे चलकर भारतीय



जनता पार्टी बनी। श्री सिंह ने कहा डॉ मुखर्जी ने कश्मीर से धारा 370 एवँ 35. के हटाने जिस सपने को देखा था उसे हमारे प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पूरा किया और आज कश्मीर में भी वही कानून चलते है जो शेष भारत मे चलते है। आयज उनकी जयंती के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि देता हूँ। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, पूर्व विधायक शरद जैन, सदानंद गोडबोले, स्वाति गोडबोले, संदीप जैन, राजेश मिश्रा, शिवराम बेन, अरविंद पाठक, रजनीश यादव, शरद ताम्रकार, अंजू भार्गव, मालती चौधरी, गोकुल केसरवानी, रविन्द्र पचौरी, श्रीकान्त साहू, सुरेंद्र सैनी, रंजीत पटेल, रत्नेश सोनकर, संतोष झरिया, संजय तिवारी, अनिल वर्मा, मोनू पटेल, श्रीकान्त वर्मा, चंद्रशेखर पटेल आदि उपस्थित थे।

# अंसार नगर गोहलपुर में 300 व्यक्तियों का हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर।**कलेक्टर एवं अध्यक्ष रेड क्रॉस समिति कर्मवीर शर्मा के निर्देशन में मंगलवार को रेडक्रास के सदस्य एवं सिविल डिफेंस के वार्डन सुनील गर्ग की उपस्थिति में अंसार नगर गोहलपुर में ह्यूमन वेलपेयर फाउंडेशन अवामी फलाह सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मेडिकल शिविर में 300 व्यक्तियों का निःशुल्क परीक्षण किया गया। शिविर में स्त्री रोग एवं नेत्र रोग, बी पी, के अतिरिक्त आर्थो के विशेषज्ञ डॉक्टरों के द्वारा जांच की गई एवं दवाओं का वितरण हुआ और जिन रोगियों को ऑपरेशन की आवश्यकता थी उन्हें अस्पताल रिफर किया गया। कैम्प मे 300 से अधिक स्त्री एवं पुरुषों ने अपनी जांच करवाई। यहां सबसे अधिक आंखों की जांच व इलाज के लिए लोग पहुंचे। इस अवसर पर गुलाम रसूल, मोहम्मद खतीब, शकील अहमद, बशीर अहमद, मोहम्मद ग़ज़ल, जोहेब अंसारी, मसूद उल हसन, मुबीन अहमद इत्यादि ने सराहनीय योगदान दिया। इस शिविर की सहयोगी संस्था आवामी फलाह सोसाइटी एवं वेलफेयर फाउंडेशन न्यू दिल्ली रही।



# विधुत प्रदाय शुल्क में 70 फीसद तक वृध्दि

**नियामक आयोग द्वारा आयोजित जनसुनवाई में महाकोशल चेम्बर नें दर्ज कराया घोर विरोध**

जबलपुर। महाकोशल चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की तरफसे मानसेवी मंत्री शंकर नाग्देव नें आयोग द्वारा आयोजित वर्चुअल सुनवाई में प्रस्तावित 70: वृध्दि जो विभिन्न विधुत शुल्को जैसे नाम परिवर्तनए पंजीयन शुल्कए चैक बाउंसिंगए मीटर टेस्टिंगए कनेक्शन विच्छेदन पुन:स्थापना आदि सेवाओं पर लागु की जा रही है का विरोध करते हुए आयोग को बताया प्रतिवर्ष टैरिफ प्रस्ताव में इन शुल्को के खर्चो को जो? कर दर्शाया जाता है इनका मुआवजा विधुत दरो की वृध्दि के समय विधुत कंपनियों द्वारा प्राप्त कर लिया जाता है पुनरू इन शुल्को को बढाना विधुत अधिनियम का खुला उल्लंघन है जबकि भारी फिक्स्स चार्ज सभी श्रेणी के उपभोगताओं से वसूला जाता है और उसी में यह शुल्क पहले से ही जु? रहते है श्री नाग्देव ने आयोग को बताया वर्त्तमान विधुत प्रदाय शुल्क 2009 से लागु है उस मद में कितना खर्च हुआ और कितनी आमदनी हई ऐसी भी कोई जानकारी नहीं दी गई है और न ही आडिटेड लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया है ऐसी स्थिति में विधुत प्रदाय शुल्को की बढोतरी असंगत है ऐसी सेवाओं की शुल्क बढाने का प्रस्ताव देना पिछले दरवाजे से उपभोगताओं पर आयोग के माध्यम से एक ही मद में दो बार वसूली कराने का विधुत कंपनियों का प्रयास रद्द करने योग्य है सुनवाई में चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ताए अखिल मिश्र व अनूप अग्रवाल भी उपस्थित थे ।

# घोषणाएं हुई आश्वासन मिला पर नहीं मिला पदनाम

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने बताया कि षिक्षकों की अनार्थिक मांग पूरी करने में सरकार के द्वारा कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जहां षिक्षक योग्यता और वरिष्ठता रखते हुए भी पदनाम/पदोन्नति पाने से वंचित है वहीं 30 से 35 वर्षों की सेवा के पष्चात षिक्षकों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रमोन्नति मिल चुकी है और वे व्याख्याता का वेतनमान पा रहे हैं वही उन्हे 35 वर्षो की सेवा के पश्चात किसी प्रकार से पदोन्नत नहीं किया गया इसलिए शिक्षकों की एक ही मांग है कि उन्हे योग्यता और वरिष्ठता के आधार पर पदनाम दिया जाए जिससे सरकार पर किसी प्रकार का वित्तीय भार नहीं पड़ेगा क्योंकि पहले ही षिक्षक व्याख्याताओं के बराबर वेतन ले रहे हैं ऐसे में यदि उन्हे पदनाम दिया जाता है तो शासन-प्रषासन पर किसी प्रकार का आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा क्योंकि ये षिक्षकों की अनार्थिक मांग है। संघ के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, स्टेनली नॉबर्ट, शहीर मुमताज़, कैलाष शर्मा, अरूण जैन, दिनेष गौंड़, एनोस विक्टर, हेमन्त ठाकरे, बी.एस.रजक, आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि शिक्षकों की अनार्थिक मांग पदनाम शीघ्र पूरी की जाए।

# शिक्षा विभाग की सख्ती के बाद स्कूल ने फीसवृद्धि का निर्णय लिया वापस

**भोपाल।** स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री इंदर सिंह परमार के निर्देश पर राजधानी भोपाल में भेल स्थित जवाहरलाल नेहरू स्कूल के खिलाफ फीसवृद्धि को लेकर जांच शुरू की गई थी। इस मामले में लोक शिक्षण संचालनालय के संयुक्त संचालक ने स्कूल प्रबंधन कारण बताओ नोटिस जारी किया था। स्कूल प्रबंधन ने इस नोटिस के जवाब में फीसवृद्धि के फैसले को वापस लेने की बात कही है। पत्र में यह भी लिखा है कि जिन अभिभावकों से बढ़ी हुई फीस ली गई है, उनकी आगे समायोजित कर देंगे। इस मामले में संयुक्त संचालक ने रिपोर्ट तैयार कर जिलास्तरीय समिति को सौंप दी है। अब समिति निजी स?कूल विनियमन अधिनियम के तहत कार्रवाई करेगी। दरअसल, जवाहरलाल नेहरू स्कूल ने पिछले वर्ष की फीस की तुलना में दस फीसद से कहीं अधिक यानी 40 फीसद तक वृद्धि कर दी थी। यह मध्यप्रदेश निजी विद्यालय (फीस तथा संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम-2017 के नियम एवं निर्देशों का उल्लंघन है। इस मामले की शिकायत अभिभावकों ने स्कूल शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) इंदर सिंह परमार के आवास पर जाकर की थी। मंत्री के निर्देश पर जांच करने पर जवाहरलाल नेहरू स्कूल को फीस वृद्धि के मामले में दोषी पाया गया। इस पर मंत्री ने स्कूल के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद स्कूल संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर मंगलवार तक स्पष्टीकरण मांगा गया था। ज्ञात हो कि मंत्री इंदर सिंह परमार ने नियम विरुद्ध फीस वृद्धि किए जाने संबंधी शिकायतें अभिभावकों से प्राप्त होने पर स्कूल शिक्षा विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं।

**स्कूल को फीस वृद्धि के मामले में दोषी पाया गया।**



जवाहर स्कूल प्रबंधन ने नोटिस का जवाब प्रस्तुत किया है। दस फीसद से अधिक की गई फीस वृद्धि के फैसले को स्कूल ने वापस लिया है। इस संबंध में रिपोर्ट जिलास्तरीय समिति को भेज दी गई है। निजी स्कूल विनियमन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**- राजीव सिंह तोमर, संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय**

# भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर व चंबल संभाग के 16 जिलो में नेशनल लोक अदालत10 जुलाई को

**भोपाल।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 10 जुलाई को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्रवाई से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरणों में लोक अदालत में समझौता शर्तों का मसौदा जारी कर दिया गया है। कंपनी द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि लंबित प्रकरण एवं ऐसे प्रकरण जो न्यायालय में दर्ज नहीं हो सके हैं, ऐसे प्रकरणों के तुरंत निराकरण तथा ऐसे प्रकरण जिनमें उपभोक्ताओं द्वारा अपीलीय समीति के समक्ष आपत्ति नहीं की गई है, के निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, पांच किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को छूट दी जाएगी।




# रोज लोग बिजली बिल की समस्या लेकर आ रहे हैं, काम में सुधार करें-सांसद प्रज्ञा ठाकुर

**भोपाल।** बिजली बिलों को लेकर जनता में बेहद आक्रोश है। कुछ लोगों के बिल बहुत आ रहे हैं। आए दिन कोई न कोई बिल और बिजली संबंधी समस्या लेकर आ रहा है। इस व्यवस्था में सुधार किया जाना चाहिए। जो बड़े बकायादार हैं, उनसे कैंप लगाकर किश्तों में बिल की राशि जमा कराई जाए। भोपाल सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने सोमवार को यह बात जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक में कही। इस पर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब मीटर का फोटो और रीडिंग को सॉफ्टवेयर की मदद से जांचा जा रहा है। बैठक की शुरुआत में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि अभी तक 12 लाख से ज्यादा सैंपल लिए जा चुके हैं। प्रदेश के अलावा भोपाल में भी कोरोना के सक्रिय मरीज कम हो चुके हैं। बैठक की अध्यक्षता कर रही सांसद प्रज्ञा सिंह ने ब्लैक फंगस के इंजेक्शन की आपूर्ति और टीकाकरण केंद्रों पर समुचित व्यवस्था करने व एम्स में इलाज को लेकर आ रही शिकायतें जल्द हल करने के निर्देश दिए। स्मार्ट रोड पर हो रही बेतरतीब पार्किंग पर सांसद हुईं नाराज स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने सॉलिड़ वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन, बिट्टन मार्केट में बायोगैस प्लांट, सदर मंजिल में चल रहे विकास कार्य, स्मार्ट रोड एवं पार्क के बारे में प्रेजेंटेशन दिया। इस दौरान सांसद ने स्मार्ट रोड पर होने वाली बेतरतीब पार्किंग पर नाराजगी जताई और कानूनी कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया। इस पर एक सदस्य ने कहा कि जो भी स्मार्ट रोड पर वाहन खड़ा कर रहा है, उसे सात दिन के लिए जब्त किया जाए। इसके अलावा माता मंदिर क्षेत्र में सड़क चौड़ीकरण कार्य में बाधा बन रहे मकानों को तोड़ने के पहले रहवासियों की शिफ्टिंग की समुचित व्यवस्था करने के लिए भी कहा।




## राशन दुकान संचालक करता है बदतमीजी, तो करें शिकायत

कोरोना काल में राशन वितरण कार्य की समीक्षा के दौरान गरीबों को राशन पर्ची न मिलने और सहकारी दुकान कर्मियों द्वारा भ्रष्टाचार और दुर्व्यवहार का मुद्दा भी बैठक में गरमाया। सांसद ने कहा कि शिकायतें मिलती हैं कि दुकान संचालक पात्रता के बाद भी उन्हें राशन नहीं देते और बदतमीजी अलग करते हैं। इस मामले में सांसद ने जिला खाद्य अधिकारी को सहकारी समिति की दुकान चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और निगरानी समिति को इस काम में लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर अविनाश लवानिया ने बताया कि हमने 24 तरह की पात्रता पर नगर निगम के जरिए राशन पर्ची वितरित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इसमें से जिनके भी दस्तावेज पूरे हैं उन्हें कलेक्ट्रेट से राशन की पात्रता पर्ची तत्काल वितरित कर दी जाएगी। बैठक के बाहर मीडिया से चर्चा में साध्वी ने कहा कि भोपाल में सवा करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

# लोक सेवा केन्द्रों से भी मिलेंगे ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र




**भोपाल।** आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों को आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र जारी करना ( ईडब्ल्यूएस ) की सेवा मध्य प्रदेश प्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम 2010 अंतर्गत अधिसूचित की गई है। भोपाल स्थित सभी लोक सेवा केन्द्रों से जिले के पात्र व्यक्ति इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। इस सेवा का उद्देश्य मध्य प्रदेश का आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग जो संविधान के अनुच्छेद 341 एवं 342 के अंतर्गत मध्य प्रदेश राज्य के लिए अधिसूचित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा राज्य सरकार द्वारा समय समय पर संशोधित अधिसूचना क्रमांक एफ 85-25-4-84 26 दिसम्बर 1984 द्वारा विर्निर्दिष्?ट अन्य पिछडे वर्ग को प्रदत्त आरक्षण की परिधि में नहीं आते हैं, को शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश एवं शासकीय नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण हेतु आय एवं संपत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जाना है। इस सेवा के लिए पदाभिहित अधि?कारी के रूप में तहसीलदार को अधिकृत किया गया हैं एवं सेवा के निराकरण की समय सीमा 15 दिवस रखी गई है। इस सेवा को प्राप्त करने के लिए ऐसे नागरिक पात्र हैं, जिनके परिवार की कुल आय आठ लाख रूपये से अधिक न हो। आय में सभी स?त्रोतों की आय शामिल होगी जो वेतन, कृषि, व?यवसाय आदि से हो। ईडब्ल्यूएस की सेवा प्राप्त करने के लिए नागरिक तहसील मुख?यालयों में स्थापित लोक सेवा केन्द्र में जाकर निर्धारित दस्तावेज व शुल?क जमा कर अपना आवेदन जमा करा सकते हैं। यह सुविधा मिलने से आम नागरिकों इसका लाभ उठाने में अधिक आसानी होगी।

## खुदकुशी के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना पुलिस ने रेलवे के डीआरएम कार्यालय में पदस्थ एक रेलवे कर्मचारी व उसकी पत्नी पर खुदकुशी के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। दोनों ने पड़ोस में रहने वाले एक टीटीई की पत्नी को तीन माह पहले इतना प्रताड़ित किया था कि उसने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपित दंपती पर यह कार्रवाई की है। आहत होकर सुनीता ने खुद को कमरे में बंद करते हुए फांसी लगाकर जान दे दी थी।

# अवैध कालोनियों को नियमित करने के लिए अध्यादेश को मंजूरी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में अवैध कॉलोनियों को नियमित करने संबंधी अध्यादेश के प्रारूप को स्वीकृति दी गई। इसके तहत प्रदेश की पौने दो हजार से ज्यादा अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को लाभ होगा। इन कॉलोनियों में अब विकास के कार्य हो सकेंगे। साथ ही जो अवैध निर्माण था उसे भी नियमित किया जा सकेगा। बैठक में इसके अलावा सिंगरौली में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत होती फोर्टीफाइड चावल वितरण की योजना को भी मंजूरी दी गई। योजना पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर लागू होगी।



राज्य सरकार के प्रवक्ता ग्रह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि अवैध कॉलोनियों को नियमित करने के लिए नगर पालिका विधि संशोधन अध्यादेश 2021 लाया जाएगा। इसमें कॉलोनियों में बिजली, नाली, सड़क सहित अन्य समस्याओं का समाधान होगा। रहवासियों ने जो 10 प्रतिशत अतिरिक्त निर्माण कर लिया था उसकी जगह अब 30 फीसद निर्माण को अतिरिक्त शुल्क लेकर नियमित किया जाएगा। बैठक में बिल्डिंग की ऊंचाई को लेकर भी छूट देने पर भी सहमति बनी। इसके अलावा आपसी सहमति से भूमि क्रय नियम 2014 में संशोधन करने की अनुमति भी दी गई। इसके तहत केंद्र सरकार की परियोजनाओं के लिए आपसी सहमति से भूमि क्रय की जा सकेगी। अभी यह प्रविधान सिर्फ प्रदेश सरकार के विभाग और उपक्रमों के लिए ही लागू है। राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल परियोजनाओं के लिए आपसी सहमति से भूमि लिए जाने के प्रविधान को लागू करने की मांग केंद्र सरकार की ओर से की गई थी।

## रेत खनन नियम 2018 निरस्त

बैठक में रेत खनन नियम 2018 को निरस्त करने पर भी सहमति बनी। दरअसल, रेत नीति 2019 में रॉयल्टी संबंधी प्रविधान किए गए हैं। बैठक में तय किया गया है कि अब इसके तहत ही पंचायत, निकाय और खनिज प्रतिष्ठान निधि में जमा लगभग 300 करोड़ रुपये का उपयोग नए प्रावधान के तहत किया जाएगा।

## एक ही जगह लगेंगे वन विभाग के सभी कार्यालय

बैठक में निर्माणाधीन वन भवन के लिए 158 करोड रुपए की पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति को अनुमति दी गई। वन भवन काफी समय से बन रहा है लेकिन यह अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन विभाग से जुड़े सभी कार्यालय अब एक ही जगह पर लगे। वन भवन का उपयोग किसके लिए किया जाए। गृहमंत्री डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ कानून-व्यवस्था की बैठक में महिलाओं व बच्चियों से दरिंदगी करने वालों के खिलाफ पुलिस-प्रशासन को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। ऐसी घटनाओं में आरोपी कोई परिजन होने पर भी कठोर कार्रवाई करने को कहा है।जिससे विकृत सोच वालों को सबक मिले। डॉक्टर नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि कैबिनेट में हुए निर्णय के अनुसार महिलाओं व बच्चों को एनीमिया से बचाने के लिए और उनमें पोषक तत्वों की कमी को पूरा करने के लिए सिंगरौली जिले में पायलट प्रोजेक्ट के तहत सार्वजनिक वितरण प्रणाली से 1 रु.किलो की दर से फोर्टिफाइड चावल वितरित किया जाएगा। जिससे महिलाओं,बच्चों में आयरन व विटामिन की कमी को पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल के सदस्यों व मुख्य सचिव,सभी विभागों के एसीएस व प्रमुख सचिवों के साथ हुई बैठक में आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के लक्ष्य को समय से पूरा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए सभी मंत्री हर सोमवार को रोडमेप के अनुसार साप्ताहिक, मासिक, त्रैमासिक समीक्षा करेंगे।

# नुक्कड़ नाटक के जरिए शहर के युवा दे रहे स्वच्छता का संदेश

**भोपाल।** शहर में स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। अलग-अलग सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं लोगों को स्वच्छता का संदेश देने के लिए जागरुकता अभियान चला रही हैं। इसी कड़ी में शहर के विभिन्न इलाकों में नगर निगम भोपाल की स्वच्छता एंबेसडर कुंजल वेलफेयर सोसायटी की ओर से सफाई मित्रों के समर्थन में 14420 में फोन लगाओ आवाज उठाओ अभियान के तहत नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया जा रहा है। अभी लालघाटी क्षेत्र की अलग-अलग जगहों पर युवाओं द्वारा नुक्कड़ नाटकों का आयोजन कराते हुए लोगों को साफ-सफाई करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। कुंजल वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष आरएन पाटिल ने बताया कि पिछले साल सितंबर में सामने आई एक रिपोर्ट में बताया गया था कि देश में 2010-2020 के बीच सीवर और सेप्टिक टैंकों की सफाई के दौरान 631 लोगों की जान गई है। हम नुक?कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सफाई मित्रों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार करने के लिए जागरूक कर रहे हैं, साथ ही सफाई मित्रों के साथ साथ होने वाले दुर्व्यवहार के खिलाफ 14420 में फोन लगाओ आवाज उठाओ के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हर तीन वर्ष में सेप्टिक टैंक, सीवर की सफाई अधिकृत सफाई मित्रों से ही करवाने के लिए निवेदन किया।? नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को बताया गया कि इस तरह बिना सेफ्टी गियर के सफाई कर्मचारियों से सेप्टिक टैंक और सीवर साफ कराना उनकी मौत नहीं बल्कि हत्या है, इसलिए 14420 में फोन लगाएं और आवाज उठाएं। कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष आरएन पाटिल, स्वच्छाग्रही प्रभा गौर, एएचओ विनोद शर्मा, दीपक, प्रणय भौमिक और टीम ने नुक्कड़ नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। उपस्थित लोगों ने कार्यक्रम की भरपूर सराहना की।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी, पांचवीं फेल के खाते में जमा होती थी रकम

**भोपाल ।** नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के एक सदस्य को भोपाल की साइबर क्राइम पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। वह ठगी की रकम किराये पर लिए गए खातों में जमा करवाता था, लेकिन जब उसने खुद के खाते में रकम जमा की तो वह पुलिस की पकड़ में आ गया। साइबर पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। इस गिरोह के मुख्य आरोपित को यूपी पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस का कहना है कि आरोपित पांचवीं फेल है, लेकिन वह तकनीकी रूप से दक्ष है और बैंक संबंधी ऑनलाइन काम करने में माहिर है।साइबर क्राइम पुलिस के मुताबिक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा बैरागढ़ निवासी छात्र सुमित रोहिरा ने नौकरी की तलाश में ऑनलाइन पंजीयन कराया था। इसी दौरान उसके पास अज्ञात नंबर से नौकरी संबंधी फोन आया। फोन करने वाले ने उससे ऑनलाइन फार्म भरवाया। उस फार्म के जरिये आरोपितों ने उसका बैंक खाता व एटीएम नंबर आदि जानकारी हासिल कर ली। उसके बाद सुमित को मोबाइल पर एक ओटीपी भेजा गया। उसको भी फार्म पर कोड बताकर भरवा दिया गया। उसके बाद सुमित के खाते से सात बार में करीब 31 हजार 448 रुपये निकाल गए। पीड़ित ने उसके मोबाइल पर आ रहे बैंक के संदेश को भी नहीं देखा। बाद में पता चलने पर उसने पूरी वारदात की शिकायत की थी। एएसपी अंकित जायसवाल ने बताया कि सुमित की शिकायत के बाद उस खाते की जानकारी जुटाई गई, जिसमें राशि ट्रांसफर की गई। जांच में पता चला कि यह राशि दिल्ली के मयूर विहार फेस-वन कोटला गांव के खाते में ट्रांसफर हुई। इस पते पर पहुंचकर पुलिस ने एक आरोपित संजय सिंह को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि आरोपित ने ठगी की रकम जमा करने के लिए खुद के खाते का उपयोग भी कर लिया था, जिससे वह पकड़ में आ गया, जबकि उसने अन्य लोगों के खाते किराये पर ले रखे थे। वह इन खातों का उपयोग ऑनलाइन ठगी की राशि जमा करवाने में करता था। संजय के एक साथी ऋषभ माहेश्वरी को कुछ दिन पहले इसी प्रकार की ठगी की वारदात में उत्तर प्रदेश की अलीगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। उससे भी कई खातों और सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

## ऐसे करते थे वारदात

आरोपित नौकरी की ऑनलाइन वेबसाइट से उन प्रतियोगियों का डाटा हासिल कर लेते थे, जिन्होंने इसमें पंजीयन करवाया था। इसके बाद उनको फोन करते थे। कस्टमर केयर अधिकारी बनकर उनको किसी भी ऑनलाइन कंपनी का नाम बताकर नौकरी का झांसा देते और फिर एक लिंक भेजकर उनसे पंजीयन करवाते, फिर बेरोजगारों की गोपनीय जानकारी हासिल कर लेते थे। उसके बाद उनसे किसी तरह ओटीपी हासिल कर राशि को अलग-अलग खातों में जमा कर देते थे। बाद में उस रकम को जल्द से जल्द निकाल भी लेते थे।

# नौ जुलाई से चलेगी कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णव देवी कटरा स्पेशल ट्रेन

**भोपाल।** भोपाल के रास्ते कन्याकुमारी से कटरा (जम्मू) के बीच साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन नौ जुलाई से शुरू होगी। इस ट्रेन के चलने से खासकर मां वैष्?णो देवी के दर्शनों की चाह रखने वाले श्रद्धालुओं को लाभ होगा। इसके अलावा लंबी दूरी की इस ट्रेन के चलने से अन्य यात्रियों को भी सहूलियत होगी।

-ट्रेन संख्या 06317 कन्याकुमारी-श्री माता वैष्णव देवी कटरा साप्ताहिक स्पेशल नौ जुलाई से प्रति शुक्रवार कन्याकुमारी स्टेशन से दोपहर 2.15 बजे चलकर, तीसरे दिन सुबह नौ बजे भोपाल और चौथे दिन सोमवार को सुबह 10.35 बजे कटरा स्टेशन पहुंचेगी।

-ट्रेन संख्या 06318 श्री माता वैष्णव देवी कटरा-कन्याकुमारी साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 12 जुलाई से प्रति सोमवार को कटरा स्टेशन से रात 10.30 बजे चलकर, तीसरे दिन रात 2.10 बजे भोपाल और चौथे दिन गुरुवार को रात 11.25 बजे कन्याकुमारी स्टेशन पहुंचेगी।

## अमृतसर-नांदेड़ के बीच मिली एक और स्पेशल ट्रेन

कोरोना संक्रमण में राहत मिलने के बाद ट्रेनों में यात्रियों का दबाव लगातार बढ़ रहा है। इसे देखते हुए रेलवे ने अमृतसर से नांदेड़ के बीच एक साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन के चलने से यात्रियों को कन्फर्म बर्थ मिलने में सहूलियत होगी। प्रतिदिन चलने वाली ट्रेनो में दबाव कम होगा।

**-ट्रेन संख्या 04692 अमृतसर-**नांदेड़ साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन सोमवार से शुरू हो चुकी है, जो प्रत्येक सोमवार को अमृतसर स्टेशन से दोपहर 2.30 बजे चलकर, अगले दिन सुबह 8.35 बजे भोपाल और रात 9.40 बजे नांदेड़ पहुंचेगी।

-ट्रेन संख्या 04691 नांदेड़-अमृतसर साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन सात जुलाई से प्रत्येक बुधवार को नांदेड़ स्टेशन से सुबह 11.05 बजे चलकर, रात 12.20 बजे भोपाल और अगले दिन शाम को 6.30 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

## इन स्टेशनों पर रुकेगी ट्रेन

यह ट्रेन ब्यास जंक्शन, जालंधर सिटी, फगवाड़ा जंक्शन, लुधियाना, धुरी जंक्शन, संगरूर, जाखल जंक्शन, रोहतक, नई दिल्ली, आगरा कैंट, ग्वालियर, झांसी, ललितपुर, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, मलकापुर, अकोला जंक्शन, वाशिम, हिंगोली डेकन एवं पूर्णा जंक्शन स्टेशनों पर रुकेगी।

# सड़कों पर मवेशियों की धमाचौकड़ी, राहगीर परेशान



**बघराजी।** नगर में आवारा पशुओं की धमाचौकड़ी बढ़ गई है मुख्य मार्गों पर आवारा सांड और गायों ने कब्जा कर रखा है वही आवारा मवेशियों का यहां वहां रोड़ों पर बैठे हुए देखा जा सकता है वही आवारा कुत्तों का ख्वाब भी लगातार बढ़ रहा है आवारा पशुओं के कारण आम लोगों को आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए जिम्मेदार नजर नहीं आ रहे हैं। नगर में आवारा पशुओं की तादाद पहले से ही काफी अधिक है सबसे अधिक परेशानियां आवारा पशुओं के कारण आ रही है रात के समय मुख्य मार्ग पर बीच रोड पर बैठे आवारा मवेशी हार्न से भी नहीं हटते हैं स्वयं उतरकर हटाना पड़ता है वही आवारा सांड आए दिन लोगों को घायल कर रहे हैं। वही सब्जी ठेला चालक आए दिन इन सांडों से परेशान है सब्जी मंडी में दुकानदारों की सब्जी एवं फलो को भी आवारा पशु मुंह मार कर चले जाते हैं जिससे उन्हें नुकसान होता है ये आवारा पशु सब्जी दुकानों पर उस समय अचानक मुंह मारते हैं जब दुकानदार या तो ग्राहक को सब्जी तोल रहा होता है या फिर उसका ध्यान इधर उधर होता है।जिससे नागरिक काफी परेशान है गौवंश के अलावा सूअरों की तादाद भी एकाएक बढ़ गई है नगर के लगभग हर मोहल्ले में आवारा सूअरों के झुंड विचरण करते रहते हैं कई बार छोटे-छोटे बच्चे भी भागते हुए नजर आए हैं वही आवारा कुत्तों ने नगर के लिए परेशानी पैदा कर रखी है कई कुत्ते तो रात के समय दोपहिया मोटरसाइकिल चालकों के पीछे दौड़ते हुए भागते हैं घबराकर कई बार मोटरसाइकिल चालक गिरकर घायल भी हो चुके हैं इस और नगर के लोगों ने जिम्मेदारों से ध्यान देने की मांग की है।

## कमिश्नर के निर्देशानुसार ग्राम सेवा अभियान के तहत सफाई कार्य का शुभारंभ

**अनूपपुर/कोतमा।** शहडोल संभाग में 1 जुलाई से 15 सितंबर तक संचालित किए जा रहे हैं। अनूपपुर जिले में सुश्री सोनिया मीणा कलेक्टर अनूपपुर के मार्गदर्शन में ग्राम सेवा अभियान प्रभावी ढंग से क्रियान्वित हो रहा है। इसी क्रम मे 5 जुलाई को जनपद पंचायत कोतमा के अंतर्गत रामसागर तालाब निगवानी की सफाई अभियान का अनूपपुर भाजपा जिला अध्यक्ष बृजेश गौतम के द्वारा किया जाकर सफाई कार्य का शुभारंभ किया गया। सफाई अभियान में जनपद उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, कोतमा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष सुनील उपाध्याय, द्वारिका उपाध्याय, निगवानी के सरपंच, उपसरपंच, सचिव ग्राम रोजगार सहायक के सहित अनेको पंचायत प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधि व ग्राम वासियों द्वारा तालाब सफाई कार्य किया गया। वास्तव में सरोवर हमारे जीवन की अमूल्य धरोहर हैं इनका रखरखाव एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाना अत्यावश्यक है। इस दिशा में शहडोल कमिश्नर राजीव शर्मा के द्वारा ग्राम सेवा अभियान की पहल कर प्राचीन धरोहरों को संजोए रखने का किया जा रहा सार्थक प्रयास बहुत ही सराहनीय कदम है।

# टेंडर जारी होने के बाद भी नहीं बन पाया रेल्वे ओवर ब्रिज

## सिहोरा, खितौला फाटक पर ब्रिज का मामला



सिहोरा। विधानसभा चुनाव के पहले हुई रेल्वे ओवर ब्रिज की घोषणा मूर्त रूप में परिणित होने बाट आज भी जोह रहा है। टेंडर जारी हुए लम्बा समय व्यतीत हो चुका है इसके बावजूद आज तक ब्रिज का कार्य प्रारम्भ न होने से आमजन में केंन्द्र एंव राज्य सरकारों तथा उनके प्रतिनिधीयों के खिलाफ बढ़ते आक्रोश का खामियाजा सरकार को भोगना पड़ सकता है । ज्ञात हो केन्द्रीय सडक एंव परिवहन मंत्री नितिन गडकडी द्वारा करीब ढाई वर्ष पूर्व केन्द्र के हिस्से की राशी लगभग 25 करोड रूपये आवंटित कर दिए गये है एंव राज्य सरकार द्वारा भी वर्तमान बजट में सिहोरा रेल्वे ओवर ब्रिज को शामिल कर लिया गया है किंतु आज तक जमीन पर ऐसा कुछ नही दिखा जिससे यह लगे की जन आवश्यकता से जुडी इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने के प्रति शासन प्रशासन गंभीर है । पिछले दिनो खितौला थाने का भूमिपूजन हुआ और कुछ दिन में थाना भी बन जायेगा लेकिन जब तक ओवर ब्रिज नही बनेगा तब तक इसका लाभ लोगो को कितना मिलेगा यह भी कह पाना मुश्किल है ।

### बजट में शामिल पर निर्माण का रास्ता साफ नहीं

काफी जद्दोजहद के बाद नगर के मझंगवा रेलवे क्रॉसिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज को बजट में शामिल कर जबलपुर कटनी सेक्शन के रेलवे किलोमीटर 1029/4-5 मैं लेविल क्रासिंग 336 सिहोरा पान उमरिया मार्ग पर ओवरब्रिज निर्माण में भू अर्जन एवं पोल शिफ्टिंग हेतु लगभग ?7करोड के होने वाले व्यय को बजट में शामिल किया गया है लेकिन आज तक निर्माण कार्य प्रारंभ में ना होने से स्थानी जनों में आक्रोश पनप रहा है। उल्लेखनीय है कि मझगवा रोड की रेलवे क्रासिंग नंबर 336 पर दिनभर में कई बार फाटक बंद होने से जाम लगता है। विधानसभा के सैकड़ों ग्रामीणों के साथ साथ इंडस्ट्रियल एरिया हरगढ़ एवं उमरिया शहडोल जिले को जोड़ने वाला यह एकमात्र रूट है। रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम के कारण क्षेत्र के विकास को गति नहीं मिल पा रही थी जिसके चलते सालो से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग को शीघ्र पूर्ण करने की मांग की जा रही है ।

### जागरूक नागरिक मंच ने सौंपा ज्ञापन

रेलवे फाटक पर लगने वाले जाम से विधानसभा क्षेत्र के बाशिंदों को राहत दिलाने जागरूक नागरिक मंच के लाल बहादुर पाठक की अगुवाई में महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम तहसीलदार सिहोरा को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ओवर ब्रिज निर्माण की मांग की गई है ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस नेता राजेश चौबे, मोहन सोंधिया, जहांगीर, बालाराम तंतुबाय, गुलाम सिंह, महेंद्र तंतुवाय, गौस भाई आजाद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## एसईसीएल जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक ने कोविड से लड़ने के लिए 25लाख रुपए का चेक कलेक्टर अनूपपुर को सौपा

**कोतमा।** कोविंड महामारी से कोई वर्ग अछूता नहीं रहा है ऐसे में जहां एक और करोना वॉलिंटियर समाजसेवियों ने कोविंड से लड़ने हेतु आगे आकर लोगों की सेवा की वही दूसरी ओर एसईसीएल के जमुना कोतमा क्षेत्र ने भी कोविड की तीसरी लहर से आम जनों को बचाने तथा इस महामारी से लड़ने व स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए सीएसआर के तहत 25लाख रुपए का चेक जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने जमुना कोतमा क्षेत्र की तरफ से अनूपपुर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीणा को सौंपा जमुना कोतमा क्षेत्र के महाप्रबंधक सुधीर कुमार ने बताया कि कोविड की तीसरी लहर से आम जनों का जीवन अस्त-व्यस्त न हो इसके लिए 25लाख रुपए का चेक सौंपा गया है ।

## समर्थ भैयाजी की तबीयत में हुआ सुधार, मुख्यमंत्री ने भी जाना उनका हालचाल

**जबलपुर।** विगत 263 दिनों से निराहार सत्याग्रह कर रहे समर्थ सदगुरु भैयाजी सरकार के स्वास्थ्य खराब होने पर जबलपुर से नागपुर उपचार के लिए उन्हें ले जाया गया था तीन दिनों तक विशेषज्ञों की देख रेख में नागपुर के निजी हॉस्पिटल में गहन उपचार के बाद स्वास्थ्य में सुधार होने पर नागपुर के वरिष्ठ चिकित्सकों की सलाह पर आज सुबह समर्थ सदगुरु को जबलपुर के जामदार हॉस्पिटल में चिकित्सकों की देख रेख में उपचार हेतु लाया गया। स्वाथ्य में पहले की तुलना में काफी सुधार आया है अभी स्थिति सामान्य है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने समर्थ सदगुरु भैयाजी सरकार से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य लाभ की जानकारी ली।साथ ही वार्ता में अपनी अंतिम इच्छा को बताते हुए समर्थ सदगुरु ने कहा कि नर्मदा संरक्षण सम्वर्धन के लिए सरकार ठोस नीति कानून बनाए एवं मान. उच्च न्यायालय के आदेशों व एन जी टी के दिशा निर्देशों नर्मदा सेवा मिशन शासन द्वारा बनाई नीति कार्ययोजनाओं को उद्गम स्थल से सम्पूर्ण नर्मदा पथ पर क्रियान्वित करने मांग की।

## विधायक ने किया ग्राम पंचायत कुंडम को पुरस्कृत



**कुंडम।** आज दिनांक को जनपद पंचायत कुंडम की ग्राम पंचायत कुंडम मैं 100 प्रतिशत वैक्सीनेशन होने पर भा जा पा प्रदेश मंत्री व विधायक सिहोरा श्रीमती नंदनी मरावी जी के द्वारा ग्राम पंचायत कुंडम को पुरस्कार स्वरूप प्रमाण पत्र दिया गया, एवं श्री जेपी यादव एसडीएम कुंडम, प्रदीप कौरव तहसीलदार कुंडम, डॉक्टर सोनू शर्मा बीएमओ कुंडम, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं आशाओं का सम्मान विधायक द्वारा किया गया, इस कार्यक्रम में डॉक्टर रविंद्र चनपुरिया, कमलेश साहू, सतीश अवस्थी, मंडल अध्यक्ष राजेश साहू, विजय साहू, संदीप साहू, संजय पाठक, डॉ शंकर साहू, हेमराज झारिया, सुरेंद्र धुर्वे, रमेश विश्वकर्मा, शिवांशु जायसवाल, शीतल यादव, सरपंच गुलाब बर्मन, जनपद सदस्य नारायण साहू, रतन कछवाहा, अंबिका तिवारी, सचिन साहू, सौरभ नामदेव, एवं सभी गणमान्य नागरिकों एवं अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## अमलाई में मनाई गई डॉक्टर मुखर्जी की जयंती

अमलाई भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल के ग्राम पंचायत देवहरा अंतर्गत अमलाई कालरी में भारतीय जनसंघ के संस्थापक ऋस्वर्गीय डॉक्टर श्याम प्रसाद मुखर्जी जी की ऋजयंती का कार्यक्रम मनाया गया जिसमें कार्यक्रम की मंडल प्रभारी श्रीमती ज्योति शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता राम नारायण र मलिया क्षेत्र के सभी भाजपा के वरिष्ठ नेता भाजपा समर्पित कार्यकर्ता एवं समाजसेवी नेता उपस्थित रहे !जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल प्रभारी श्रीमती ज्योति शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय डॉक्टर मुखर्जी शिक्षाविद्, शुभचिन्तक और भारतीय जनसंघ के संस्थापक थे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सच्चे अर्थों में मानवता के ऋउपासक और सिद्धान्तवादी , ऋनिर्भीक, विचारों के प्रति ऋसमर्पण, एवं ऋत्याग के प्रतीक रहे ! एक देश में दो विधान, दो निशान, दो प्रधान नहीं चलेंगे का नारा देकर जीवन पर्यन्त जम्मू कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बनाने के लिए संघर्षरत रहे प्रखर राष्ट्रवादी, जनसंघसंस्थापक ,डॉ मुखर्जी को मैं नमन करती हूंभाजपा के वरिष्ठ नेता रामनारायण ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने एक विचार के लिए बलिदान दिया, जिस विचार के लिए जनसंघ की स्थापना हुई और फिर भाजपा की ऋस्थापना हुई, हम सभी को यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि उस विचार से बनी भारतीय जनताइपार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन है।



जयंती कार्यक्रम में अजय दहिया प्रकाश राय राहुल मिश्रा नीरज नामदेव मनीष तिवारी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे । जहां डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पूरे भारत में मनाई गई और इस कार्यक्रम को मनाने के लिए हर जिले में प्रभारी बनाए गए थे और मंडल सहित बूथ प्रभारी भी बनाए गए थे लेकिन ग्रामीण मंडल अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत बरगवां के बूथ अध्यक्ष प्रताप धमीजा एवं बूथ प्रभारी नीरज गुप्ता के प्रयासों से बापू चौक अमलाई में डॉक्टर मुखर्जी की जयंती मनाई गई लेकिन इसी पंचायत के अंतर्गत बाकी आठ बूथो में जयंती कार्यक्रम नहीं बनाए जाने की खबर है जबकि वार्ड क्रमांक 1,2 3 ,4 ,5 7,8,9 मैं मंडल प्रभारी द्वारा बूथ प्रभारी एवं बूथ अध्यक्ष को मिलकर कार्यक्रम आयोजित करने का आवाहन किया गया था।

## फुटपाथ संघ के बैनर तले गुमटी व्यापारियों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन

**पुष्पराजगढ।** मुख्यालय राजेंद्रग्राम के पुटपाठ में दुकानें संचालित के अपनी जीविका निर्वहन करने वाले फुटपाथ व्यापारी संघ अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम 6 जुलाई दिन मंगलवा दोपहर 12 बजे नारेबाजी करते हुए एसडीएम कार्यलय पुष्पराजग? पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सहित राजस्व मंत्री, जिला कलेक्टर व अनुविभागीय अधिकारी पुष्पराजग? को देते हुए उक्त संघ ने मांग रखी है कि राजेंद्रग्राम में रीवा अमरकण्टक मुख्य सडक मार्ग एवं बस स्टेन्ड मार्ग राजेन्द्रग्राम की सडक पर पचासा को अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, पशु चिकित्सालय राजेन्द्रग्राम के तीन दिषाओं की ओर काम्पलेक्स (दुकान) सह बाउन्ड्री निर्माण कराया जाए। वर्तमान समय मे पशुचिकित्सालय के चारों तरफ बाउंडरी वाल का निर्माण कार्य पूरे गति से जारी है। ज्ञापन में लिखा गया है कि तहसील मुख्यालय स्थिति पषु चिकित्सालय के एक ओर रीवा-अमरकण्टक मुख्य मार्ग है तो अन्य दो दिशाओं में बस स्टैण्ड मार्ग आता है। वर्तमान में निर्माणाधीन बाउंडरी वाल सडक मार्ग के दोनो तरफ छोड गए 50 फिट (पचासा) अतरिक्त जगह को न छोडते हुए किया जा रहा है जो पशुचिकित्सालय के द्वारा सडक की जमीन का अतिक्रमण करने की श्रेणी में आता है। साथ ही निर्माण के लिए ली जाने वाली विभागीय एनओसी भी उक्त निर्माण के लिए नही ली गई है। इस निर्माण से आम जनता की क्षति हो रही है। तथा पर्यावरण प्रभावित होने की संभावना है। ज्ञापन में लिखा गया है कि बीते 22जून को शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद हिमाद्री सिंह के निवास मे जिला पशु चिकित्सालय अनूपपुर, स्थानीय वारिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिकारीगण, तहसीलदार की मौजूदगी में बाउन्ड्री वाल के साथ ही 10X15 वर्ग फिट लम्बा चौडा दुकान ( काम्पलेक्स) इसी चिकित्सालय के परिसर से लगी ठेला वालो को उक्त काम्पलेक्स निर्माण कर देने का आष्वासन फुटपाथ संघ के व्यापारियों को दिया गया था। बावजूद इसके मनमानी तरीके से पषुचिकित्सालय के अधिकारियां द्वारा बिना दुकान निर्माण के ही दीवाल निर्माण कराया जा रहा है, जिससे फुटपाथ के ठेला व्यवसायियो को परिवार का जीविका चलाना मुसकिल हो गया है उनका व्यवसाय समाप्त हो रहा है। जिसपर बिचार किया जाना आवष्यक है। साथ ही कहा गया कि दैनिक उपार्जन कर परिवार पालन पोषण करने वाले फुटपाथ ठेला व्यवसायियों के समस्या व जनहित में पशु चिकित्सालय बसनिहॉ/पुष्पराजगढ के द्वारा मुख्य मार्ग व बस स्टैण्ड मार्ग में बिना पचासा छोडे अवैध किये जा रहे अतिक्रमण पर रोक लगाये जाने एवं ठेला व्यवसायियों के परिवार व पेट पर्दा को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल बाउन्ड्री बाल्व निर्माण कार्य पर रोक लगाया जाए। फुटपाथ व्यापारी संघ वर्तमान कार्य की निंदा करता है।

## सहकारी समितियों से ऋण न मिलने से किसान परेशान



**वेंकटनगर।** एक ओर प्रदेश के मुख्यमंत्री किसानों के हित में दिन रात सोचते है, वही दूसरी ओर उनके मातहत कर्मचारी किसानों को परेशान करने एवं सहकारिता को ठप्प करने के लिए नित नए नियम बनाते है, जिसका ताजा उदाहरण अब किसानों को खरीफ फसल के अल्पकालीन ऋण लेने हेतु अपनी जमीन को बंधक कराना होगा। सहकारी समितियों में एक हेक्टेयर सिंचित जमीन पर ग्यारह हजार रू नगद एवं ग्यारह हजार रू की वस्तु मिलती है, वस्तु के नाम पर समितियों में मात्र डीएपी एवं यूरिया खाद आती है, अन्य खाद कीटनाशक दवा और बीज नही आते। इसलिए कोई भी किसान तेरह चौदह हजार रू के लिए अपनी एक हेक्टेयर सिंचित जमीन बंधक कराने के पक्ष में नही है, क्योंकि बंधक कराना तो सरल है, बंधक मुक्त कराना किसानों के लिए कठिन कार्य है, साथ ही इतनी जमीन पर राष्ट्रीयकृत बैंको से कई गुना ज्यादा ऋण मिलता है, और उसे जब चाहो जितनी राशि जमा करो, जितनी चाहो निकालो कोई औपचारिकता की आवश्यकता नही है। समिति से वर्ष में दो बार खरीफ एवं रबी सीजन के लिये जुलाई-अगस्त एवं नवंबर-दिसम्बर में ही ऋण मिलता है। एक बार ऋण जमा होने पर उसी सीजन में दोबारा ऋण नही मिलता है। इसीलिए किसान जमीन बंधक कराने के पक्ष में नही है।

### सहकारी समितियों को समाप्त करने की साजिश

किसानों का आरोप है कि सहकारी समितियों को समाप्त करने की एक बडी साजिश पूंजी पतियों के दबाव में अधिकारियों द्वारा रची जा रही है। सहकारी समितियों में लगभग 60 वर्षो से विधिक परम्परा है कि अल्पकालीन ऋण हेतु नोड्यूज (अदेय प्रमाण पत्र) एवं जमीन को बंधक बनाने की आवश्यकता नही है। इतनी पुरानी विधिक परम्परा को समाप्त कर जमीन बंधक बनाने का आदेश सहकारिता समाप्त करने की साजिश है। नए नियम के तहत लगभग 80त्न किसान ऋण से वंचित रह जाएंगे। वंचित किसान अपनी साख का जमा 10त्न अंशदान की राशि जब वापस लेंगे तो समितियां स्वतः समाप्त हो जाएगी, जिसकी साजिश रची गयी है।

## पंडित गोपाल भार्गव ने दिलीप कुमार के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**गढ़ाकोटा।** प्राप्त दुखद जानकारी आज सुबह 7:30 बजे मुग़ल-ए-आज़म 98 साल की उम्र में ब्रह्मलीन हो गए शाम 5:00 बजे होगा अंतिम संस्कार जुहू कब्रिस्तान में किया जाएगा पार्थिव शरीर सुपुर्दे खाक,, उनका जाना सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है ईश्वर आजाद पुण्य आत्मा को शांति सद्गति दे परिवार जनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें, पंडित गोपाल भार्गव कैबिनेट मंत्री मध्य प्रदेश शासन जनचेतना मंडल सज रा गढ़ाकोटा जिला सागर मध्य प्रदेश ने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार जी के निधन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।नहीं रहे अब हम सबके बीच भारतीय सिनेमा जगत के पुरोधा अभिनव सम्राट आतंक कलाकारों के प्रेरणा स्रोत श्री दिलीप साहब जी का निधन फिल्म जगत की अपूर्ण क्षति है बेहतरीन कला के धनी दिलीप कुमार साहब का स्थान अब हमेशा रिक्त रहेगा।

## रहस मैदान मुक्ति धाम परिसर गढ़ाकोटा में श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी



**गढ़ाकोटा।** 6 जुलाई 2021 भाजपा के पितृपुरुष स्व.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के जन्मदिवस पर उन्हें याद करते हुए नगर के रहस मैदान स्थित मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण किया गया,कार्यक्रम की शुरुआत में मंडल कार्यालय में स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके योगदान को याद किया गया,इस मौके पर बीजेपी युवा नेता अभिषेक भार्गव ने बताया कि मंत्री भार्गव के जन्मदिन से रहली क्षेत्र में सवा लाख से अधिक पौधों को रोपित किया जा रहा है साथ ही बिंदी चौराहा कंपनी बाग बंदिया गढ़ाकोटा के बागवान वृद्धाश्रम व लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में छायादार,व फलदार,फूलों से सुसज्जित पार्क बनाये जाएंगे। कार्यक्रम में पूर्व पार्षद परषोत्तम यादव,जिला महामंत्री मितेन्द्र चौहान भा जा पा,मंडल अध्यक्ष सुधीर यादव, अनिल (अनु) मिश्रा सजरा डॉ संतोष जैन,बसन्त यादव, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मीडिया प्रभारी विक्की जैन,विवेक साहू,राजू आठ्या,सहित आम नागरिक व पत्रकार साथी,नगर पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे।



## विधायक मरावी ने किया नवयुक्ति जिला पदाधिकारियों का सम्मान

**सिहोरा।** डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर स्थानीय विश्राम ग्रह मे विधायक नंदनी मरावी द्वारा पंडित जी के तैलचित्र पर तिलक वंदन एवं माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला तथा विधानसभा सिहोरा से जिला कार्यकारिणी में शामिल हुए नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों एवं जिला कार्यकारिणी सदस्यों, मंडल अध्यक्षों का भगवा गमछा, पुष्पमाला तथा श्रीफल भेंट कर सम्मान किया । श्रीमति मरावी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन ने जो दायित्व आपके कंधों पर दिया है उसका निर्वहन करते हुए वर्तमान में भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न जनहितकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाएं तथा संगठन मजबूत करने का कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंकित तिवारी ने किया। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह बघेल, राजेश दाहिया, अनुपम सराफ, प्रवीण कुररिया, शिशिर पांडे, प्रशांत परौहा, माधव मिश्रा, अर्जुन पंजाबी, राजकुमार गुप्ता, कमलेश साहू, रविन्द्र चनपुरिया, अशोक जैन, ज्योति दाहिया, कृष्णा सरावगी, ज्योति पटैल, रामकृष्ण पटैल, राजेंद्र पटैल, अंशु परौहा, विनय जैन, अभिषेक तिवारी, पवन गुप्ता, दिलीप पटैल, राजेश साहू, महेंद्र बरकडे, रमेश विश्वकर्मा, रोहित यादव के साथ बड़ी संख्या में भाजपा नेता कार्यकर्ता शामिल थे।

# सड़कों पर निकलना खतरों से खाली नहीं

**बघराजी।** रात के वक्त सड़कों पर एक बार फिर से भरे हुए हाईवा बेलगाम हो चले हैं हाईवे से गिट्टी, रेत, मोरम भरकर खदानों से ये सड़कों पर ख्वाब पैदा करने लगते हैं ये लोग इसलिए ऐसा करते हैं क्योंकि इनको ज्यादा से ज्यादा माल भरकर फेरे मारने होते हैं कम समय में ज्यादा लाभ हाईवा मालिक कमाते हैं और इसकी कीमत मासूम जनता अदा कर रही है कोरोना की वजह से अभी स्कूल बंद है नहीं तो हर साल सुबह के वक्त किसी न किसी बच्चे को ये हर कुछ दिन मे कुचलकर मौत की नींद सुला देते हैं।सड़कों पर बिना नंबर प्लेट के हर तरफ से ट्राफिक नियमों को ताक पर रखकर दौड़ने वाले हाईवा इतने खतरनाक है कि इसको इसी से समझा जा सकता है कि इनके करीब से गुजरने भर से गति की वजह से आदमी का दिल दहल जाता है कई बार तो व्यक्ति अचानक इनके करीब से गुजरने से भौचक्का सा रह जाता है तनिक सी गलती या फिर जरा सी नजर हटी तो मौत से कोई नहीं बचा सकता।।

### बीते एक दशक से स्थाई समस्या

नगर की सड़कों मैं बेलगाम ओवरलोड हाईवा बीते एक दशक की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है इसके समाधान को लेकर किसी ने कभी गंभीरता पूर्वक सोचा ही नहीं है कई मौतें तो नगर की सड़कों मैं अब ऐसी होती है कि किसी को हाईवा टक्कर अंधेरे में मार कर गया और पता ही नहीं चला, रात के वक्त इनको अपने तरीके से चलाने की जैसे खुली छुट मिल गई है। कई सालों से जिम्मेदार किसी भी तरह से नियम का पालन कराने का विचार भी नहीं कर रहे हैं यदि ट्रैफिक नियमों का यह पालन नहीं कराते हैं तो हम सभी प्रकार के वाहनों पर कार्यवाही करते हैं जो कि निर्धारित ट्राफिक नियम है इनका पालन सभी को करना है।

### यहां मंजर बहुत खतरनाक

नगर में ज्यादातर हाईवा मझागवां हिस्से से प्रवेश करते हैं इसी हिस्से से माल लादा जाता है और फिर ये सरपट नगर के अंदर दौड़ते हैं रात के वक्त त्रिपुरी चौक, अटल चौक, कमानिया गेट से होते हुए इनको जिस अंदाज में देखा जाता है वह बेहद पीड़ा दायक है इनकी हालत देखकर लगता है की जिम्मेदार इन लोगों को रौंद ने की खुली छूट दे रखी है।

# जबलपुर से आकाश इंस्टीट्यूट के छात्र प्रगति और दिव्यजोत ने 7 और 8 हासिल किया, जबलपुर के 2 अन्य आकाशियन्स टॉप 100 में शामिल

जबलपुर। मध्य प्रदेश राज्य के नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन में जबलपुर के आकाश इंस्टीट्यूट की छात्रा प्रगति जायसवाल और दिव्यजोत भल्ला ने क्रमशरू 7 और 8 स्थान हासिल कर संस्थान और शहर को गौरवान्वित किया हैए जिनकी घोषणा आज की गई। छात्रों ने प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण की जिसका उद्देश्य प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान करना और उनका पोषण करना है। अन्य छात्रए शताक्षी गुप्ता ने 33वां और अंश अग्रवाल ने 91वां स्थान हासिल किया है।प्रगति और दिव्यजोत सहित शहर के आकाश इंस्टीट्यूट से कुल 4 छात्रों ने जबलपुर में एनटीएसई स्टेज. प् की परीक्षा पास की है। आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड ;एईएसएल के मैनेजिंग डायरेक्टर, आकाश चौधरी ने छात्रों को बधाई देते हुए कहाए श्हमें गर्व है कि हमारे छात्रों ने शहर में शानदार रैंक हासिल किया है। यह उनके द्वारा की गई कड़ी मेहनतए उनके माता.पिता के समर्थन और आकाश में गुणवत्ता परीक्षण की तैयारी का परिणाम है। परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बहुत.बहुत बधाई। हमें यकीन है कि में प्रभावशाली परिणाम प्राप्त करने के बादए हमारे छात्र छन्ळम्ंजंहम. प्प् के लिए तैयार हैं। मैं उन सभी छात्रों को शुभकामनाएँ देता हूँ।मौजूदा योजना के तहतए विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में डॉक्टरेट स्तर तक तथा मेडिकल एवं इंजीनियरिंग जैसे व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में द्वितीय.डिग्री स्तर तक के पाठ्यक्रमों की पढाई करने के लिए एनण्टीण्एसण्ईण् छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। अब तकए देश में अनुसूचित जाति के लिए 15 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के लिए 7.5 प्रतिशत और अन्य पिछड़े वर्गों के लिए 27 प्रतिशत तथा विकलांगता के न्यूनतम मानदंडों के तहत दिव्यांग छात्रों के समूह के लिए 4 प्रतिशत आरक्षण के साथ 2.000 छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई हैं।प्रतिभाशाली छात्रों की पहचान में दो चरणों वाली चयन प्रक्रिया शामिल है। प्रत्येक राज्य ध् केंद्रशासित प्रदेश पहले चरण का आयोजन करता हैए जबकि राष्ट्रीय स्तर पर एनण्सीईण्आरण्टीण् द्वारा दूसरे चरण का आयोजन किया जाता है। आकाश इंस्टीट्यूट का उद्देश्य अकादमिक जगत में सफलता हासिल करने की इच्छा रखने वाले छात्रों की मदद करना है। यहां पाठ्यक्रम एवं अध्ययन सामग्रियों के विकास के साथ.साथ अध्यापकों के प्रशिक्षण एवं निगरानी के लिए घरेलू स्तर पर एक केंद्रीकृत प्रक्रिया मौजूद हैए जिसका नेतृत्व राष्ट्रीय शैक्षणिक टीम द्वारा किया जाता है। पिछले कुछ वर्षों मेंए आकाश के छात्रों ने विभिन्न मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओंए तथा एनटीएसईए केवीपीवाई और ओलंपियाड जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में शानदार सफलता के रिकॉर्ड को बरकरार रखा है।

# उपकरण पाकर खिले उठे दिव्यांग बच्चों के चेहरे



**पनागर।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के निर्देशन में कार्यालय जनपद शिक्षा केंद्र बीआरसी पनागर में लक्ष्मी प्रसाद तिवारी एमआरसी द्वारा दिव्यांग बच्चों हेतु उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में 30 दिव्यांग बच्चों को ट्राई साइकिल ,व्हीलचेयर ,सीपी चेयर , वैशाखी, कैलीपर, एमएस आईडी किट, डेजी प्लेयर, स्मार्ट कैन आदि सहायक उपकरण प्रदान किए गए कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉक्टर श्रीमती श्रद्धा तिवारी राज्य शिक्षा सलाहकार एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रामनरेश पटेल सम्मानीय नोडल अधिकारी निशक्तजन कल्याण द्वारा की गई कार्यक्रम का संचालन श्री गिरीश चंद्र मौर्य जन शिक्षक बालक पनागर एवं हेमंत प्रजापति जन शिक्षक देवरी द्वारा किया गया कार्यक्रम नरेश पटेल बीआरसी , तरुण राज द्विवेदी एपीसी आईईडी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को संपन्न कराया कराया गया जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे।

## सूचना

यशभारत समाचार पत्र में प्रकाशित हाने वाले विविध विज्ञापनों के लेखों की जांच पड़ताल करने के बाद ही पाठक इस संबंध में आर्थिक व्यवहार करें, विज्ञापन में अपने उत्पादन के संदर्भ में या सेवा के संदर्भ में विज्ञापनदाता जो दावे पेश करते हैं, उनकी जवाबदारी, यशभारत समाचार पत्र नहीं देता, विज्ञापन में किये गये दावों की पूर्ति अगर विज्ञापनदाताओं द्वारा नहीं की जाती है तो उसके परिणाम के लिए यशभारत समाचार पत्र जिम्मेदार नहीं रहेगा।

# सायरा से मिलने रोज चेन्नई से मुंबई आते थे दिलीप कुमार

**नई दिल्ली।** 'ट्रेजेडी किंग' ने नाम से मशहूर रहे अभिनेता दिलीप कुमार जमाने को सुबकता सिसकता छोड़ चले गए। परदे पर मोहब्बत के अफसाने दर अफसाने लिखने वाले दिलीप कुमार की हालात पिछले कई साल से नाजुक चल रही थी। बीते दो महीनों उनका अस्पताल आना जाना भी लगा रहा। लेकिन, इस बार वह अस्पताल गए तो फिर कफन ओढ़कर ही घर लौटे। उनकी बेगम सायरा बानो दिन रात दिलीप कुमार की तीमारदारी में लगी रहीं और किसी बच्चे की तरह उन्हें लगातार दुलारती रहीं। जी हां, दिलीप कुमार के दिल में एक बच्चा आखिरी दिन तक कुलांचे भरता रहा। उम्र के हिसाब से बुजुर्ग दिलीप कुमार की आखिरी तस्वीरों में उनकी आंखों में किसी बच्चे जैसी ही चमक दिखती है। सौ साल के होने की दहलीत से बस दो कदम पहले ठिठक गए इस कलाकार के दुनिया भर में फैले उनके करोड़ों फैंस उनकी सेहत की दिन रात दुआ करते रहे। सायरा बानो ने मान लिया था कि उनके शौहर का आखिरी समय नजदीक है। लेकिन वह उनके चाहने वालों को आखिरी वक्त तक दिलासा देती रहीं। दोनों की मोहब्बत ही ऐसी रही जिसमें दोनों ने कभी एक दूसरे को कमजोर नहीं होने दिया।दिलीप कुमार की मोहब्बत के किस्से भी कम लोगों को ही मालूम हैं। एक जमाना था जब विलायत से लौटीं सायरा बानो से मिलने वह हर रोज रात को चेन्नई से आ जाया करते थे। और, सुबह की फ्लाइट पकड़कर फिर शूटिंग करने चले जाते थे। सायरा बानो को पहली बार दिलीप कुमार अपनी कार में घुमाने ले गए तो इसके लिए उन्होंने बाकायदा सायरा बानो की मां और दादी से अनुमति ली। इस पहली सैर में ही दिलीप कुमार ने सायरा बानो के सामने शादी का प्रस्ताव रख दिया था। हालांकि, तब सायरा बानो को लगा था कि दिलीप कुमार यूं ही उन्हें इम्प्रेस करने की कोशिश कर रहे हैं। साल 1966 में दिलीप कुमार और सायरा बानो ने शादी की। अपनी शुरुआती जिंदगी को याद करते हुए सायरा ने हाल ही में बताया था कि अपने शुरुआती करियर में दिलीप कुमार और वह खुद भी एक साथ अच्छा काम कर रहे थे। सायरा ने कहा कि दिलीप साहब ने अपनी जिंदगी में जितनी अच्छी फिल्में की हैं, उन्होंने उससे भी कम फिल्में कीं। दिलीप कुमार की तारीफ करते हुए तब सायरा ने कहा था कि दिलीप कुमार के साथ शादी करके उनके साथ रहना बहुत आसान था। वह बहुत ही दयालु किस्म के इंसान रहे हैं। उन्होंने शादी को लेकर कभी असुरक्षित महसूस नहीं किया। सायरा के मुताबिक दिलीप कुमार से उनका प्रेम हमेशा निस्वार्थ रहा और ये ऐसा प्रेम था कि जिसके लिए उन्हें कभी कुछ न सोचना पड़ा और न करना पड़ा। दिलीप कुमार को देखते ही सायरा बानो का दिल जो पहली बार पिघला था, वह आखिर तक वैसा ही द्रवित ही बना रहा। सायरा को उन दिनों का भी अफसोस रहता है जब काम के सिलसिले में बहुत यात्राएं करती थी और काम के चक्कर में मैं अपने पति के साथ सुबह की चाय तक नहीं पी पाती थीं।

**दिलीप साहब मुझे कायनात से तोहफे में मिले, अपने से 22 साल बड़े सुपरस्टार के प्यार में गिरफ्त हो गई थीं सायरा बानो**








## राखी बांधती थीं लता मंगेशकर, कहा- छोटी बहन को छोड़कर चले गये...



नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा की लीजेंडरी सिंगर लता मंगेशकर ने दिलीप कुमार को याद करके बेहद इमोशनल ट्वीट किया। लता जी दिलीप कुमार को अपना भाई मानती थीं और उन्हें राखी बांधती थी। दिलीप कुमार की कई फ़िल्मों के गानों के लिए नायिका के लिए लता ने आवाज़ दी थी। लता ने अपने ट्वीट में लिखा- यूसुफ़ भाई आज अपनी छोटी-सी बहन को छोड़ कर चले गये... यूसुफ़ भाई क्या गये, एक युग का अंत हो गया। मुझे कुछ सूझ नहीं रहा। मैं बहुत दुखी हूं। निशब्द हूं। कई बातें, कई यादें हमें देकर चले गये।



## किस्सा जब अटल जी के लिए पाकिस्तानी पीएम की क्लास, कहा था- शराफत में रहो

**नई दिल्ली।** अभिनेता दिलीप कुमार और अटल बिहारी वाजपेयी बहुत करीब रहे हैं। दोनों काफी अच्छे दोस्त माने जाते हैं। दोनों एकदूसरे के इतने करीब थे कि अटल जी के लिए दिलीप कुमार ने तत्कालीन पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को डांट भी लगा दी थी। वाकया था कारगिल युद्ध के दौर का। पाक के पूर्व फॉरेन मिनिस्टर खुर्शीद कसूरी की किताब नाइदर अ हॉक नॉर अ डव में लिखा है- एक बार जब जंग को खत्म करने के लिए अटल बिहारी वाजपेयी ने पाकिस्तान के पीएम नवाज शरीफ को फोन किया था और उनकी बात एक्टर दिलीप कुमार से करवाई थी। नवाज दिलीप कुमार की आवाज सुनकर चौंक गए थे।फोन पर बातचीत के दौरान वाजपेयी ने शरीफ से अपनी लाहौर यात्रा का जिक्र करते हुए उनकी कारगिल युद्ध को लेकर निंदा की थी। इसी के तुरंत बाद अटल जी ने दिलीप कुमार को फोन दे दिया और नवाज शरीफ से बात करने को कहा। दिलीप कुमार ने नवाज शरीफ से कहा, मियां साहब हम आपकी तरफ से ऐसी उम्मीद नहीं करते थे, क्योंकि आपने हमेशा कहा है कि आप भारत और पाकिस्तान के बीच शांति चाहते हैं। दिलीप कुमार ने अटल जी के कहने पर नवाज शरीफ से बात की और कहा, 'मैं एक भारतीय मुसलमान के तौर पर आपको बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान और भारत के बीच तनाव की स्थिति में भारतीय मुस्लिम बहुत असुरक्षित हो जाते हैं और उन्हें अपने घरों से भी बाहर निकलना मुश्किल लगता है। इसलिए हालात को काबू रखने में कुछ कीजिए।' गौरतलब है कि दिलीप कुमार भी साल 1997 में अटल जी के साथ बस से लाहौर गए थे। इसी साल पाकिस्तान ने दिलीप को अपने सर्वोच्च सम्मान निशान ए इम्तियाज से भी सम्मानित किया था। आज भी पाकिस्तान की आवाम दिलीप कुमार की फैन है। दिलीप कुमार मूलतः पाकिस्तान के पेशावर के रहने वाले हैं।

## बदलते चेहरे





## जब शिवसेना के हमलों के आगे वाजपेयी बने दिलीप कुमार की ढाल, 'निशान ए इम्तियाज' को लेकर हुआ था बवाल



**नई दिल्ली।** करोड़ों आखों को बुधवार की सुबह सुबह नम कर जाने वाले अभिनेता दिलीप कुमार पाकिस्तान से भारत आकर वैसे ही आ बसे जैसे हिंदी सिनेमा के तमाम दूसरे लोकप्रिय परिवार आकर बसे। हिंदी सिनेमा में उन्हें लाने की पहली कोशिश राज कपूर ने की। लेकिन उन्हें कैमरे के सामने लाने का सेहरा बंधा देविका रानी के सिर। अपने करियर में दिलीप कुमार तमाम किस्सों की वजह बने, लेकिन मुंबई शहर में उन्हें लेकर फसाद होने की नौबत तब आ गई थी जब पाकिस्तान की सरकार ने उन्हें अपने यहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'निशान ए इम्तियाज' दिया। महाराष्ट्र में तब भी शिवसेना की मिली जुली सरकार थी। लेकिन, शिवसैनिकों के हंगामे के आगे दिलीप कुमार के लिए जैसे ही उस समय के प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ढाल बनकर खड़े हुए, सारा मसला मिनटों में काफूर हो गया। ये उन दिनों की बात है जब पूरे देश में पाकिस्तान के खिलाफ जबरदस्त गुस्सा था। कारगिल की चोटियों पर भारतीय सेना के तमाम जवान शहीद हो चुके थे। 1999 की गर्मियों में पाकिस्तान की सेना ने जो कुछ कारगिल में किया, उसके बाद मुंबई में दिलीप कुमार के घर के आगे धरने प्रदर्शन शुरू हो गए। शिवसेना ने दिलीप कुमार से मांग की कि वह पाकिस्तान सरकार से मिला 'निशान ए इम्तियाज' सम्मान लौटा दें। दिलीप कुमार को शुरू में लगा कि ये कुछ दिनों की बात है और मामला ठंडा पड़ जाएगा। लेकिन, ऐसा हुआ नहीं।

## पर्दे पर इश्क में डूबे दिलीप कुमार और मधुबाला के बीच खत्म हो चुकी थी मोहब्बत



**नई दिल्ली।** फिल्म इंडस्ट्री के लेजेंड्री अभिनेता दिलीप कुमार पर्दे पर जितने दिलचस्प और रंगीन रहे उतनी ही दिलचस्प उनकी पर्दे के पीछे की जिंदगी रही। मधुबाला से अधूरी मुहब्बत, सायरा बानो से शादी और शादी के दरमियान एक पाकिस्तानी लड़की प्यार... दिलीप साहब की जिंदगी ने कई करवटें बदलीं, लेकिन आखिर तक उनके साथ रहीं उनकी बेग़म सायरा बानो। हालांकि सायरा बानो से शादी करने से पहले दिलीप कुमार मधुबाला से बेइंतहा मोहब्बत करते थे, लेकिन एक्ट्रेस के पिता की वजह से उनकी ये मुहब्बत मुकम्मल नहीं हो सकी और दोनों की राहें जुदा हो गईं।

### इश्क की शुरुआत...

माना जाता है कि 1951 में फिल्म %तराना% की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार और मधुबाला एक दूसरे के करीब आए। जब दोनों की लव स्टोरी की शुरुआत हुई उस दौरान मधुबाला महज़ 18 साल की थीं और दिलीप कुमार 29 साल के थे। 'तराना' के बाद दोनों एक दूसरे की मोहब्बत में डूब गए, सात साल तक दोनों रिलेशनशिप में रहे। लेकिन मधुबाला के पिता अताउल्ला ख़ान को दिलीप कुमार से उनका रिश्ता पसंद नहीं था इसलिए दोनों की प्रेम कहानी का अंत हो गया।



### 'मुगल-ए-आजम' में हो गए अजनबी..

हिंदी सिनेमा की आइकॉनिक फिल्म 'मुगल-ए-आजम' की शूटिंग के दौरान दिलीप कुमार और सायरा बानो एक दूसरे के और करीब आ गए, लेकिन इतने सालों तक चली फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों के बीच कुछ गलतफहमियां हो गईं और उनका रिश्ता खत्म हो गया। इस फिल्म के एक शेड्यूल को मध्यप्रदेश में शूट किया जाना था, लेकिन मधुबाला के पिता अताउल्लाह इस बात के खिलाफ थे। उन्हें डर था कि आउटडोर शूटिंग के दौरान दिलीप और मधुबाला और करीब आ जाएंगे और पिता के कहने पर मधुबाला ने आउटडोर शूटिंग के लिए मना कर दिया।



### कोर्ट पहुंच गए मधुबाला और दिलीप साहब..

मधुबाला के मना करने के बाद बी.आर चोपड़ा ने फिल्म में उन्हें रिप्लेस करने का मन बना लिया। वह मधुबाला की जगह फिल्म में वैजयंती माला को लेना चाह रहे थे। जब ये बात मधुबाला के पिता को पता चली, तो उन्होंने चोपड़ा को कोर्ट में जाने की धमकी दे डाली। अताउल्लाह कोर्ट जाते इससे पहले चोपड़ा ही मामले को अदालत में ले गए। चोपड़ा ने मधुबाला पर कॉन्ट्रैक्ट तोड़ने का आरोप लगाया। कहा जाता है कि कोर्ट में सुनवाई के दौरान दिलीप कुमार ने साफ कहा था कि वो मधुबाला से प्यार करते हैं और करते रहेंगे। लेकिन दिलीप साहब ने बी.आर.चोपड़ा के पक्ष में गवाही दी और यहीं से दोनों के बीच दूरियां आ गईं।

### प्यार जा चुका था...

इस केस के बाद भी दिलीप कुमार और मधुबाला ने 'मुगल-ए-आजम' तो की, लेकिन तब तक दोनों का रिश्त इतना खराब हो चुका था कि दिलीप कुमार मधुबाला से बात तक नहीं करना चाहते थे। दोनों अनारकली और सलीम का किरदार निभा रहे थे पर दोनों के बीच मोहब्बत जा रही थी।एक जगह दिलीप साहब अपनी बायोग्राफी में लिखते हैं- मुग़ले-आज़म के प्रोडक्शन के दौरान ही हमारी बातचीत बंद हो गयी थी।



**नई दिल्ली।** दिलीप कुमार के फिल्मों में आने का प्रसंग। दरअसल हुआ ये था कि अपने पति हिमांशु राय के निधन के बाद देविका रानी बांबे टॉकीज को अपने साथियों अमिय चक्रवर्ती और एस मुखर्जी के साथ मिलकर चला रही थीं। थोड़े दिनों तक सब ठीक चला फिर चक्रवर्ती और मुखर्जी में टकराव शुरू हो गया। देविका रानी ने अमिय चक्रवर्ती का साथ दिया और मुखर्जी बांबे टॉकीज छोड़कर चले गए। उसी समय फिल्म 'किस्मत' को लेकर अशोक कुमार और अमिय चक्रवर्ती में झगड़ा हो गया और अशोक कुमार ने भी बांबे टॉकीज छोड़ दिया था। उस वक्त अशोक कुमार बेहद लोकप्रिय अभिनेता थे और उनका बांबे टॉकीज छोड़ना देविका रानी के लिए बड़ा झटका था। वो दौर था जब ज्यादातर अभिनेता किसी स्टूडियो में मासिक वेतन पर काम किया करते थे। अशोक कुमार को भी उस समय हजार रुपए प्रतिमाह मिला करते थे। खैर... ये अवांतर प्रसंग है। जब अशोक कुमार बांबे टॉकीज छोड़कर चले गए तब से देविका रानी किसी नए हीरो की तलाश में थीं। जहां भी जाती थीं वहां वो इस संभवना को तलाशती रहती थीं। अपनी नई फिल्म की लोकेशन देखने के लिए वो नैनीताल गई हुई थीं। इस बात की बहुत चर्चा होती है कि वहीं उन्होंने एक युवा फल कारोबरी को देखा जो अपने पिता के फलों के बिजनेस के

## देविका रानी से एक मुलाकात ने बदल दी दिलीप कुमार की जिंदगी, बेचते थे फल

सिलसिले में आया हुआ था। तब देविका रानी ने उनको कहा था कि मुंबई आओ तो मिलना। लेकिन दिलीप कुमार ने अपनी आत्मकथा, 'द सब्सटेंस एंड द शैडो' में इस घटना को अलग तरीके से लिखा है और भ्रम को साफ किया। दिलीप कुमार एक दिन चर्च गेट पर खड़े थे तो उनको मनोविज्ञानी डॉ मसानी दिखे। दिलीप कुमार ने उनको अपने कॉलेज में सुना था। वो स्टेशन पर उनके पास पहुंचे और अपना परिचय दिया। डॉ मसानी युसूफ खान से गर्मजोशी से मिले क्योंकि वो उनके पिता से परिचित थे। उन दिनों दिलीप कुमार काम की तलाश में थे। डॉ मसानी ने उनसे कहा कि वो बांबे टॉकीज की मालकिन से मिलने जा रहे हैं और युसूफ खान को भी साथ लेकर चले गए। युसूफ खान जब डॉ मसानी के साथ बांबे टॉकीज के स्टूडियो में पहुंचे तबतक उन्होंने कोई फिल्म भी नहीं देखी थी सिवाय एक डॉक्यूमेंट्री के। डॉ मसानी के साथ जब युसूफ खान देविका रानी के कमरे में दाखिल हुए तो देविका ने उनसे कहा, कुर्सी खींचिए और बैठ जाइए। खान साहब ने लिखा है कि देविका रानी उनको इस तरह से देख रही थीं जैसे स्कैन कर रही हों। इस बीच डॉ मसानी ने युसूफ खान का परिचय करवाया और उनको साथ लाने का उद्देश्य बताया। देविका रानी और युसूफ खान की इस मुलाकात के कई वर्जन उपलब्ध हैं। अपनी आत्मकथा के अलावा दिलीप कुमार ने अपने जीवनकाल में प्रकाशित अपनी जीवनी के लिए उसके लेखक बनी रूबेन को भी इस मुलाकात का विवरण दिया था। जब देविका रानी को पता चला कि युसूफ खान काम की तलाश में हैं तो उन्होंने उनसे पूछा कि क्या आप उर्दू जानते हैं। उनके इतना पूछते ही डॉ मसानी ने युसूफ खान के पेशावर कनेक्शन के बारे में विस्तार से देविका रानी को बताया। उर्दू के बाद सीधे वो सिगरेट पर पहुंच गईं और पूछा कि क्या आप सिगरेट पीते हैं तो संकोच के साथ युसूफ खान ने कहा नहीं। अगला प्रश्न था कि क्या कभी अभिनय किया है इसका उत्तर भी आया नहीं। फिर वो प्रश्न आया जिसने युसूफ खान की जिंदगी की राह बदल दी।


कार्यक्रम का शुभारंभ


पत्रिका का विमोचन


जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में पौधा रोपते मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान

## जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की 75 वर्षगांठ पर शामिल हुए शिवराज

**छात्रा के सवाल पर सीएम ने कहा**

# लगातार विकास पर ध्यान दे रही सरकार

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से छात्राओं ने कई तरह के सवाल पूछे। कॉलेज की छात्रा रीतिका शर्मा ने मुख्यमंत्री से पूछा मध्यप्रदेश में ढेर सारे कॉलेज पर उनमें कौशल की कमी है इसके लिए प्रदेश सरकार क्या करेंगी। मुख्यमंत्री ने छात्रा के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार लगातार डेव्लपमेंट पर ध्यान दे रही है। किस तरह से कौशल के क्षेत्र में प्रदेश आगे बढ़े इसके लिए काम किया जा रहा है।**

छात्रा आर्या सिंह ठाकुर ने सीएम से पूछा कि औद्यगिकीकरण में मध्यप्रदेश बहुत पीछे है, इसकी वजह से प्रदेश में विकास रूका हुआ है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने उद्योगों के विकास के लिए अनेक रणनीति और योजनाएं बनाई है। सीएम ने कहा मैं चाहता हूं कि मध्यप्रदेश में बाहर के उद्योग लगे लेकिन सबसे पहले प्राथ्मिकता यही है कि प्रदेश के युवा ही रोजगार स्थापित करें। इसके लिए प्रदेश सरकार हर संभव मदद देने तैयार है। मौका था इंजीनियरिंग कॉलेज की 75 वी वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम का। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जबलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर में इन्क्यूबेशन सेंटर सृजन का लोकार्पण एवं स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स व नवीन टीचिंग ब्लॉक का शिलान्यास भी किया। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे सिंधिया, मंत्री गोपाल भार्गव, विधायक अशोक रोहाणी मौजूद रहे।

जेईसी के कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री विक्टोरिया जिला अस्पताल में 20 बेड के एचडीयू वार्ड का शुभारंभ के लिए रवाना हो गए। सीएम पूर्व मंत्री अजय विश्नोई के विधानसभा क्षेत्र पाटन भी जाएंगे। वहां मातृ व शिशु ईकाई का लोकार्पण करने के साथ 1.80 करोड़ की लागत से बनने वाली सड़क का भूमि पूजन करेंगे। वहां से मानस भवन में वैक्सीनेशन में अहम योगदान देने वाली ग्राम पंचायतों व नगर पंचायतों को सम्मानित करने पहुंचेगे। इस दौरान कोरोना ड्यूटी निभाते हुए अपनी जान गंवाने वाले कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति पत्र भी देंगे। प्रदेश के प्रभारी मंत्री गोपाल भार्गव और प्रदेश की खेल युवा कल्याण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री यशोधरा राजे भी सभी कार्यक्रमों में शामिल रहेंगे। मुख्यमंत्री मानस भवन से सीधे कोबरा ग्राउंड जाकर हेलीकॉप्टर से पाटन के बासन गांव में बने हेलीपैड पर पहुंचेंगे। लगभग पौने छह बजे वे डुमना एयरपोर्ट लौटेंगे और शाम 6 बजे भोपाल के लिए रवाना होंगे।


**अगवानी**
डुमना विमान तल पर मुख्यमंत्री की अगवानी करते कलेक्टर कर्मवीर शर्मा व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा

### स्वर्णिम रहा है जेईसी का अतीत

7 जुलाई 1947 को जेईसी की स्थापना के समय मुम्बई व बनारस के बीच सिर्फ यही एक इंजीनियरिंग कॉलेज था। जेईसी देश का पहला संस्थान है, जिसने देश में इलेक्ट्रानिक्स और दूरसंचार अभियांत्रिकी की शिक्षा शुरू की। इसे देश में ब्रिटिश शासन द्वारा स्थापित अंतिम शैक्षिक संस्थान भी कहा जाता है। यह देश का 15वां सबसे पुराना अभियांत्रिकी संस्थान भी है। इस कॉलेज से एचसीएल के संस्थापक डॉ. अजय चौधरी, ब्रम्होस के डायरेक्टर डॉ. सुधीर मिश्रा, पूर्व संघ चालक पी सुदर्शन, जदयू नेता शरद यादव, पूर्व मेयर विश्वनाथ दुबे, ऑर्डनेंस फैक्ट्री बोर्ड के सेवानिवृत्त चेयरमैन सुनील चौरसिया सहित कई शख्सियतें निकली हैं।

## काले झंडे दिखाने के पहले ही पुलिस ने लिया अभिरक्षा में

व्हीकल मोड़ पर पहरा के सीएम को काले झंडे दिखाने की तैयारी में लगे युवा कांग्रेस को आज पुलिस की लाठीचार्ज का सामना करना पड़ा। दरअसल कांग्रेस नेता युवा जतिन राज के द्वारा महिला सुरक्षा. महंगाई. बेरोजगारी के मुद्दे पर मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने व प्रदर्शन करने की तैयारी की। लेकिन प्रदर्शन हो पाता उसके पहले ही पुलिस वहां जा पहुंची और प्रदर्शनकारियों को हटाना शुरू कर दिया। आपसी टकराव में पुलिस ने लाठीचार्ज शुरू कर दिया जिसमें रविंद्र कुशवाहा नाम का एक कार्यकर्ता घायल हुआ। काफी जद्दोजहद के दौरान पुलिस ने कार्यकर्ताओं को वेन में बैठाया और वहां से लेकर पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचाया।



# अवैध है नर्सों की हड़ताल

## कल से ही काम पर लौटो: हाईकोर्ट

**सरकार को हाईलेवल कमेटी बनाकर मांगों के समाधान का आदेश दिया**

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में 30 जून से चल रही नर्सों की हड़ताल को हाईकोर्ट ने बुधवार को हुई सुनवाई में अवैध घोषित कर दिया। हाईकोर्ट ने सुनवाई में पेश हुई मप्र नर्सेज एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्ष रेखा परमार को आदेश दिया है कि वे 8 जुलाई से काम पर लौटें। वहीं, सरकार को आदेश दिया कि वह हाई लेवल कमेटी बनाकर नर्सों की मांग का एक महीने के अंदर निराकृत करें।नागरिक उपभोक्ता मंच ने नर्सों की हड़ताल को अवैध घोषित करने को लेकर जनहित याचिका हाईकोर्ट में दायर की थी। याचिका के माध्यम से सवाल उठाया था कि कोविड काल में नर्स और डॉक्टर सहित हेल्थ से जुड़े लोग हड़ताल नहीं कर सकते हैं। राज्य सरकार ने भी 28 जून को हड़ताल को अवैध घोषित कर दिया था। बावजूद 30 जून से नर्सों की हड़ताल जारी है।5 जुलाई को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहम्मद रफीक की डिवीजन बेंच ने मामले में सुनवाई की थी। कोर्ट ने 7 जुलाई को होने वाली सुनवाई में नर्सेज एसोसिएशन की अध्यक्ष को पक्षकार बनाने का आदेश देते हुए उन्हें 7 जुलाई को सुनवाई में शामिल होने का आदेश दिया था। बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नर्सेज एसोसिएशन की अध्यक्ष रेखा परमार का पक्ष सुना। इसके बाद आदेश दिया कि नर्सों की प्रदेशव्यापी हड़ताल अवैधानिक है। इसे तुरंत वापस लेते हुए काम पर लौटने का आदेश दिया।नागरिक उपभोक्ता मंच की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में सरकार से कहा कि वह एक हाईलेवल कमेटी बनाए। एक माह में नर्सों की मांग का उचित ढंग से निराकृत करें।सरकार ने दिए थे सख्ती के निर्देश हाईकोर्ट में 5 जुलाई को हुई सुनवाई में सरकार की ओर से हाईकोर्ट में जवाब पेश किया था। इसमें बताया था कि प्रदेश की करीब 50प्रतिशत नर्सें काम पर लौट आई हैं, जबकि अन्य से उनकी मांगों को लेकर बातचीत जारी है। बावजूद इसके उनका विरोध प्रदर्शन जारी है। सरकार ने संकेत दिया था कि नर्सें काम पर नहीं लौटी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे।

### ये है नर्सों की प्रमुख मांग

नर्सिंग एसोसिएशन की ओर से उच्च स्तरीय वेतनमान, पुरानी पेंशन लागू करने, कोरोना में शहीद हुई नर्सों के परिवार को अनुकंपा नियुक्ति देने, 2018 आदर्श भर्ती नियम में संशोधन करने, मेडिकल कॉलेजों में मेल नर्स की भर्ती करने की मांग की जा रही है।

# अधारताल में 4 बदमाशों ने घर में घुसकर मचाया आतंक

## झाड़ू पौंछा करने वाली का हाथ पकड़ा



जबलपुर, यशभारत। अधारताल के दुर्गानगर कॉलोनी में मंगलवार को उस समय भगदड़ मच गई जब नवाम्बे स्कूल के पास रहने वाले 4 बदमाशों ने एक महिला के घर में घुसकर जमकर आतंक मचाया। महिला से छेड़छाड़ करते हुए उसे हाथ पकड़कर बाहर घसीटा गया, गाल में थप्पड़ मारकर बेटियों से अश्लीलता की गई। बदमाशों की करतूतों की जानकारी जब मोहल्ले वालों को लगी तो सभी ने उन्हें खदेड़ दिया। इसके बाद पीड़ित परिवार ने अधारताल थाने मे रिपोर्ट दर्ज कराई। दुर्गा नगर निवासी 35 साल की महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि वह घरों में झाड़ू-पौंछा का काम करती है। हनुमानताल क्षेत्र के घरों में भी काम करती थी। वहीं से नहीम बबर्जी उर्फ बाबा से जान पहचान हो गई लेकिन नहीम जान-पहचान के नाम पर उसे परेशान करने लगा। मंगलवार को नहीम अपने दोस्त अरबाज, समीर और अफरोज के साथ घर पहुंचा और दरवाजा में लात मारकर अंदर घुस आया हाथ पकड़कर बाहर ले आया और मारपीट की। पति बीच-बचाव करने आया था नहीम के साथियों ने उन्हें पकड़ लिया।

**गाल पर जड़ा थप्पड़, बेटियों के कपड़े फाड़े**

### बेटियों के साथ की अश्लीलता

महिला ने थाने में शिकायत करते हुए बताया कि नहीम और उसके दोस्तों की ज्यादती यहीं नहीं रूकी। उसकी नाबालिग बेटियों के साथ अशूील हरकतें की गई। बेटियों के कपड़े फाडने का प्रयास किया। मोहल्ल में जब शोर शाराबा हुआ तो लोग घरों से बाहर निकले इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

# सड़क हादसों में 2 की जान गई

## बाइक में पत्थर मारा, नीचे गिरी महिला की मौत

**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल और बरगी नगर में दो सड़क हादसों में एक महिला और एक युवक की मौत हो गई। माढ़ोताल क्षेत्र में दो बाइक सवार खड़े हाइवा में जा घुसे जिसमें एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई जबकि बरगी में एक महिला के बाइक से गिरने से दम तोड़ दिया। दोनों थाना की पुलिस ने मामलों को जांच में लिया है। माढ़ोताल थाना पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि कटनी जिला के बहोरीबंद गांव के रहने वाले 22 वर्षीय भूरा ठाकुर एवं 40 वर्षीय उजियार वर्मन बाइक में सवार होकर जबलपुर से कटनी जा रहे थे बाइक सवार जैसे ही एमएम स्कूल के सामने पहुंचे ही थे कि सामने जा रहे हैं हाईवा चालक ने जबरदस्त ब्रेक लगा दिए जिसके कारण बाइक सवार हाईवा के अंदर जा घुसे जिसमें भूरा ठाकुर को गंभीर चोटे आई थी जिसे मेडिकल में भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरा मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है।




हाईवा में घुसी बाइक घायल युवक ने तोड़ा दम

### किसी ने बाइक में पत्थर मारा, स्लिप हो गई महिला

बरगी पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि बरगी निवासी मुन्नी बाई अपने बेटे कृष्णकुमार के साथ घर लौट रही थी तभी खमरिया गांव के पास किसी अज्ञात ने बाइक में पत्थर मारा जिसकी वजह से बाइक स्लिप हो गई और युवक और महिला दूर जाकर गिर गए। महिला को सिर में गंभीर चोट आने के कारण मेडिकल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई।

**जबलपुर ब्रिटिश फोर्ट स्कूल के विद्यार्थियों की अभूतपूर्व असफलता**

# अनुराग सर के विद्यार्थियों को अमेरिकी विश्वविद्यालयों में मिली लाखों की स्कॉलरशिप

**जबलपुर।** ब्रिटिश फोर्ट फाउण्डेशन स्कूल के बारहवीं कक्षा के विद्यार्थी अर्शनूर कौर चड्ढा एवं तन्मय श्रीवास्तव द्वारा विदेशों में नामी यूनिवर्सिटी में एडमिशन पाया है।, जिसमें प्रवेश पाना हर स्टूडेंट का ख्वाब होता है। इन्हें विश्व में आइवी लीग के नाम से जाना जाता है। अर्शनूर कौर चड्ढा साइंस की विद्यार्थी हैं उन्हं अमेरिका की सात टॉप यूनिवर्सिटी में एडमिशन के लिए चयनित किया गया है। डेलावेयर, जॉर्ज मैसन यूनिवर्सिटी, चाचर्जर यूनिवर्सिटी, मिशिगन स्टेट यूनिवर्सिटी, विसकॉन्सिन मेडिसिन यूनिवर्सिटी एवं एन जूना स्टेट यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए आमंत्रित किया गया है।





जबलपुर संस्कारधानी के लिए यह गौरव की बात है। अर्शनूर का मानना है कि स्कूल के सभी शिक्षक एवं डायरेक्टर अनुराग सोनी हमेशा विद्यार्थियों को प्रेरित करते हैं और उन्हें जीवन में आगे बढ़ने ककी प्रेरणा देते हैं। वहीं दूसरी ओर स्कूल के विद्यार्थी तन्मय श्रीवास्तव द्वारा अब तक अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर कई मूवीज का निर्देशन किया गया है जो कि नेटफ्लिक्स पर भी उपलब्ध है। उनके द्वारा बनाई मूवी दा बंद, नाइंटी डेज दो लीव, ब्लैक वॉटर, द रेसीडेंसी, ब्रिज ऑफ लाइफ, वॉइस ऑफ द डेड का निर्देशन किया गया है जिन्हें इन्तर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म पर सराहा गया है। उन्हें इस वर्ष सिनसिनाटी यूनिवर्सिटी अमेरिका में एडमिशन मिला है। तन्मय का कहना है कि वह जब भी अनुराग सर से मिलते हैं हमेशश कुछ नया सीखते हैं। वह एक ऐसे शिक्षक हैं जो लोगों को अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करते हैं। स्कूल के सभी शिक्षक प्रेरित करते हैं।

ब्रिटिश स्कूल के डायरेक्टर अनुराग सोनी बताते हैं कि राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षकों के मार्गदर्शन में स्कूल के बहुत सारे विद्यार्थी आज विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं और आगे भी उनका लक्ष्य है कि छात्र पूरी दुनिया में अपना नाम रोशन करें। उनका कहना है कि हर छात्र श्रेष्ठ होता है केवल उसे अच्छे से परखने की जरूरत होती है।

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्थापना 1948 73 वर्षों का आपका विश्वास
मंदिर छाप छाता
छाते ही छाते
निर्माता- लक्ष्मी अम्ब्रेला इंडस्ट्रीज
905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481944
लक्ष्मी एम्पोरियम 905 जवाहरगंज जबलपुर (मप्र) फो. 0761-2481229
अधिकृत विक्रेता
प्लास्टिक सिल्पोलिन तिरपाल के थोक विक्रेता मो. 9826116661
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम 3/15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर (मप्र)फो. 0761-2481262, 2481362

योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जामदार हॉस्पिटल जबलपुर
सीमित स्थान
भारतीय नर्सिंग कॉन्सिल व म.प्र. नर्सिंग काउंसिल से मान्यता प्राप्त तथा म.प्र. मेडिकल यूनिवर्सिटी से संबंद्ध
प्रवेश प्रारंभ
नर्सिंग के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
B.Sc. NURSING 4 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 जीव विज्ञान से (45% अंकों के साथ)
Post Basic B.Sc. Nursing 2 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - GNM Pass
GNM 3 वर्षीय पाठ्यक्रम
प्रवेश योग्यता - 10+2 किसी भी विषय से (40% अंकों के साथ)
तत्काल रोजगार शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल CHC, PHC, AIIMS, Railway, ESIC PGI, जिला अस्पताल, अन्य सभी शासकीय, अर्द्धशासकीय एवं प्राइवेट अस्पताल में रोजगार की अपार संभावना
उपलब्ध विशेष सुविधाएँ-
• शत् प्रतिशत रिज़ल्ट • कोर्स पूरा होते ही जॉब
• अपने स्वयं के जामदार अस्पताल, त्रिवेणी हेल्थ केअर, जिला चिकित्सालय, CHC, PHC, शासकीय मेडिकल कॉलेज अस्पताल में क्लीनिकल प्रशिक्षण की सुविधा
• उच्च प्रशिक्षित व दक्ष टीचिंग स्टॉफ द्वारा अच्छी टीचिंग सुविधा
• कॉलेज कैम्पस में ही सर्व सुविधायुक्त हॉस्टल • बस सुविधा
• हिंदी मीडियम के छात्र-छात्राओं के लिए इंग्लिश क्लास की सुविधा
अनुसुचित जाति, अनुसुचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं को सरकारी नियमानुसार छात्रवृत्ति की सुविधा
अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें।
योगमणि इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
198/2, रैगवा, वार्ड नं. 72, अरिहंत वेयर हाउस के पीछे, पाटन वायपास चौक के पास, जबलपुर
☎ 9926812233, ई-मेल: yogmaniinstituteofnursing@gmail.com
8989220333, 8989228333, 9340232133

अब नई श्रृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
मो. 9827681910
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना मुरमुरा बोल्ड चना केला चिप्स बोल्ड पीनट मसाला चना ड्राय मेल चना जौर गर्म
प्रियदर्शनी एवं सेवा केन्द्र मढ़ाताल में उपलब्ध
होम डिलेवरी के लिए अनुभवी लड़कों की जरूरत है

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)